वर्ष : 33 ▸ अंक : 103 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, शनिवार, 29 जून 2024 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल

दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



महिलाओं को 1500 रुपए महीना, किसानों को मुफ्त

# किसानों और महिलाओं का बजट

डिजाइन : सतीश शर्मा

**▸▸ महाराष्ट्र में 19,532 करोड़ रुपए घाटे का अतिरिक्त बजट पेश, पेट्रोल-डीजल सस्ता**

**▸▸ वित्त मंत्री अजीत पवार ने बजट में की मुख्यमंत्री लाडली बहन योजना की घोषणा**

**अमित बृज/धीरज सिंह । मुंबई**

महायुति सरकार ने अपना आखिरी बजट पेश कर दिया है. इस बजट में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए कई बड़ी घोषणाएं की गईं हैं। वित्त मंत्री अजित पवार ने महाराष्ट्र के लिए 6 लाख 12 हजार 293 करोड़ रुपए का बजट पेश किया। किसानों, मजदूरों, छात्रों, युवाओं, महिलाओं, पिछड़े वर्गों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों जैसे सभी तत्वों को कानून, कृषि, उद्योग, शिक्षा, व्यापार, स्वास्थ्य, पर्यटन जैसे विभिन्न क्षेत्रों के विकास को मजबूत करने के लिए बजट प्रस्तुत किया गया है।

## 19,532 करोड़ रुपए घाटे का अतिरिक्त बजट

वित्त मंत्री अजीत पवार ने शुक्रवार को विधानमंडल में 19,532 करोड़ रुपए घाटे का वर्ष 2024-25 का अतिरिक्त बजट पेश किया। इस अतिरिक्त बजट में 5,05,647 करोड़ रुपए कुल खर्च का प्रावधान किया गया है। बजट में सभी श्रोतों से कुल 4,86,116 करोड़ रुपए राजस्व जमा होने का अनुमान जताया गया है। वित्तमंत्री अजीत पवार ने वित्त मंत्री ने इस बजट में वार्षिक योजना कार्यक्रम खर्च के लिए 1 लाख 92 हजार करोड़ रुपए और अनुसूचित जाति योजना के लिए 15 हजार 893 करोड़ रुपए, आदिवासी विकास योजना के लिए 15 हजार 360 करोड़ रुपए और जिला वार्षिक के लिए 18 हजार 165 करोड़ रुपए प्रस्तावित किया गया है।

| | |
|---|---|
| 612293 | करोड़ रुपए कुल खर्च |
| 499463 | करोड़ रुपए राजस्व संचय |
| 519514 | करोड़ रुपए राजस्व व्यय |
| 20051 | करोड़ रुपए राजस्व घाटा |
| 110355 | करोड़ रुपए राजकोषीय घाटा |
| 18165 | करोड़ रुपए जिला वार्षिक योजना परिव्यय |
| 192000 | करोड़ रुपए वार्षिक योजना व्यय |
| 15893 | करोड़ रुपए अनुसूचित जाति योजना |
| 15360 | करोड़ रुपए आदिवासी विकास योजना |

वित्त मंत्री अजित पवार ने पेश किया महाराष्ट्र के लिए 6 लाख 12 हजार 293 करोड़ रुपए का बजट

## विपक्ष ने बताया जुमला बजट

अगर देवेंद्र की भाषा में कहें तो यह फेक नेरेटिव बजट है। इस बजट में झूठी घोषणाएं की गई हैं। इससे पहले भी सरकार ने बहुत सी घोषणाएं की हैं। राज्य सरकार को इन सभी घोषणाओं की जांच के लिए विशेषज्ञों की समिति नियुक्त कर श्वेत पत्र निकालना चाहिए।

**उद्धव ठाकरे, शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष**

पेश किया गया बजट सिर्फ घोषणाओं की बारिश है। किसान आसमान की ओर देख रहा है और दो बार बुआई करनी पड़ी। उन्होंने कहा कि फेंकू सरकार ने नारों की बारिश कर दी। तेलंगाना सरकार हर महीने महिलाओं को ढाई हजार रुपए दे रही है, जबकि इस सरकार ने केवल 1500 रुपए महिलाओं को देने की घोषणा कर सूबे की महिलाओं को ठगने का काम किया है। **– नाना पटोले, प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस**

राज्य सरकार ने बजट घोषणाओं की बारिश की है, लेकिन इसी बजट के एक पैराग्राफ में लिखा गया है कि इन सभी घोषणाओं की छानबीन के लिए एक समिति गठित की जाएगी और उसके सुझाव के बाद ही घोषणाओं का अमलीकरण किया जाएगा। सरकार खुद कर्ज में है, इसलिए इन घोषणाओं का अमलीकरण संभव नहीं है। यह सिर्फ दिखावा और चुनावी बजट है।

**– जयंत पाटिल, प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा एसपी)**






## धार्मिक स्थल

- आध्यात्मिक गुरु एवं समाज सुधारक बाबा जुमदेवजी के स्मारक हेतु 77 करोड़ की विकास योजना तैयार
- सरकार हर साल रायगढ़ किले में शिव राज्याभिषेक समारोह मनाएगी।
- संत ज्ञानेश्वर महाराज नेवासा में मंदिर परिसर के लिए एक विकास योजना तैयार
- छत्रपति संभाजी महाराज का एक स्मारक सांगली में बनाया जाएगा

## किसानों से जुड़ी घोषणाएं

- 44 लाख किसानों का इलेक्ट्रिसिटी बिल होगा माफ
- प्राकृतिक आपदाओं से फसलों के नुकसान पर जुलाई 2022 से 15 हजार 245 करोड़ 76 लाख रुपए की सहायता
- नवंबर-दिसंबर, 2023 के दौरान बेमौसम बारिश से प्रभावित 24 लाख 47 हजार किसानों को 2,253 करोड़ रुपए की सहायता
- क्षति के क्षेत्र को दो के बजाय तीन हेक्टेयर तक सीमित करके राज्य आपदा प्रतिक्रिया निधि मानदंड से अधिक दर पर सहायता
- खरीफ सीजन 2023 के लिए 40 तालुकाओं में सूखा और 1 हजार 21 राजस्व मंडलों में सूखे जैसी स्थिति और विभिन्न रियायतें लागू
- क्षति का पंचनामा शीघ्र एवं पारदर्शी बनाने के लिए पूरे प्रदेश में ई-पंचनामा व्यवस्था लागू की जायेगी
- 'नमो शेतकरी महासन्मान निधि योजना' के तहत 92 लाख 43 हजार किसान परिवारों को कुल 5 हजार 318 करोड़ 47 लाख रुपए की सब्सिडी
- 'एक रुपया फसल बीमा योजना' के तहत 59 लाख 57 हजार किसानों को 3 हजार 504 करोड़ 66 लाख रुपए का भुगतान किया गया है
- 'गोपीनाथ मुंडे शेतकरी अपघात सुरक्षा सानुग्रह अनुदान योजना' के अंतर्गत 2 हजार 694 किसान परिवारों को 52 करोड़ 82 लाख रुपए का वितरण
- 'महात्मा ज्योतिराव फुले शेतकारी कर्जमुक्ति योजना' के तहत नियमित रूप से फसल ऋण चुकाने वाले 14 लाख 33 हजार किसानों को प्रोत्साहन के रूप में 5 हजार 190 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया
- 6 हजार करोड़ रुपए की नानाजी देशमुख कृषि संजीवनी परियोजना का दूसरा चरण 21 जिलों में लागू किया जाएगा
- बालासाहेब ठाकरे कृषि व्यवसाय और ग्रामीण परिवर्तन परियोजना के तहत 1 हजार 561 करोड़ 64 लाख रुपए की 767 उप-परियोजनाओं को मंजूरी, लगभग 9 लाख किसानों को लाभ
- विदर्भ और मराठवाड़ा के 14 आपदा प्रभावित जिलों के 11 लाख 85 हजार किसान लाभार्थियों को 113 करोड़ 36 लाख रुपए का सीधा नकद भुगतान।
- राष्ट्रीय कृषि विकास योजना एवं राज्य पुरस्कृत कृषि यंत्रीकरण योजना से पिछले तीन वर्षों में 2 लाख 14 हजार कृषि यंत्रों की खरीद पर 1 हजार 239 करोड़ रुपए की सब्सिडी।
- नई योजना 'गाव तेथे गोदाम' के पहले चरण में 100 नए गोदामों का निर्माण और साथ ही मौजूदा गोदामों का नवीनीकरण।
- प्याज और कपास की सुनिश्चित खरीद के लिए 200 करोड़ रुपए का रिवॉल्विंग फंड।
- खरीफ विपणन सत्र 2023-24 में 6 लाख धान किसानों को 20 हजार रूपये प्रति हेक्टेयर के रूप में 1 हजार 350 करोड़ रूपये की प्रोत्साहन राशि।
- पंजीकृत 2 लाख 93 हजार दुग्ध उत्पादकों को 5 रूपये प्रति लीटर की दर से 223 करोड़ 83 लाख रूपये की सब्सिडी वितरित, शेष सब्सिडी भी तत्काल वितरित की जायेगी।
- दूध उत्पादक किसानों को समर्थन देने के लिए 5 रुपए प्रति लीटर की सब्सिडी देने की योजना जुलाई, 2024 से जारी रखी जाएगी।
- सिंचाई परियोजनाओं को पूरा करने के लिए विशेष अभियान : 108 परियोजनाओं के लिए बेहतर प्रशासनिक मंजूरी, दो वर्षों में 61 परियोजनाओं के पूरा होने की उम्मीद
- महाराष्ट्र सिंचाई सुधार कार्यक्रम- अगले तीन वर्षों में 155 परियोजनाओं की नहर वितरण प्रणाली में सुधार जिससे लगभग 4 लाख 28 हजार हेक्टेयर बढ़े हुए क्षेत्र को सीधी सिंचाई का लाभ मिलेगा।
- विभिन्न अधूरी सिंचाई परियोजनाओं को पूरा करना, वितरण प्रणाली में सुधार के लिए नाबार्ड से 15 हजार करोड़ रुपए का दीर्घकालिक वित्तपोषण।
- सांगली, म्हैसाळ जिले में पायलट सौर ऊर्जा परियोजना : अनुमानित लागत 1 हजार 594 करोड़ रुपए, सांगली और सोलापुर जिलों के लगभग 75 हजार किसान परिवारों को लाभ

## महिलाओं के लिए

- 'लेक लाडकी' योजना का शुभारम्भ : बालिका के जन्म से लेकर अठारह वर्ष की आयु तक कुल एक लाख एक हजार रुपए की वृद्धि
- 'मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहीण योजना' के तहत 21 से 60 वर्ष की आयु की पात्र महिलाओं को 1500 रुपए प्रति माह की फंडिंग, लगभग 46 हजार करोड़ रुपए प्रति वर्ष
- 1 मई 2024 के बाद जन्मे व्यक्ति का नाम सरकारी दस्तावेजों में प्रथम नाम, माता का नाम, पिता का नाम और उपनाम के क्रम में दर्ज करना अनिवार्य
- पिंक ई-रिक्शा : 17 शहरों में 10 हजार महिलाओं को रिक्शा खरीदने के लिए वित्तीय सहायता , 80 करोड़ रुपए का फंड
- ३शुभमंगल सामूहिक पंजीकृत विवाह३ योजना के तहत लाभार्थी लड़कियों को 10,000 रुपए से 25,000 रुपए तक की सब्सिडी
- राज्य के सभी स्वास्थ्य उपकेंद्रों में स्तन और सर्वाइकल कैंसर की जांच के लिए उपकरण और सामग्री के लिए 78 करोड़ रुपए
- मरीजों विशेषकर गर्भवती माताओं और बच्चों को स्वास्थ्य केंद्रों तक नि:शुल्क पहुंचाने के लिए 3 हजार 324 एम्बुलेंस
- 'मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना' : प्रति परिवार प्रति वर्ष 3 गैस सिलेंडर मुफ्त दिए जाएंगे, 52 लाख 16 हजार 412 लाभार्थी परिवारों को लाभ।
- लखपति दीदी : महाराष्ट्र राज्य ग्रामीण आजीविका संवर्धन मिशन के तहत 7 लाख नए समूहों की स्थापना, बचत समूहों की चक्रीय निधि राशि 15 हजार रुपए से बढ़ाकर 30 हजार रुपए।
- आई योजना में 15 लाख तक लिए गए कर्ज पर ब्याज राज्य सरकार चुकाएगी



### शिक्षा

- लड़कियों के लिए नि:शुल्क उच्च शिक्षा : शैक्षणिक वर्ष 2024-25 से इंजीनियरिंग, आर्किटेक्चर, फार्माकोलॉजी, मेडिसिन और कृषि में सभी व्यावसायिक डिग्री-डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश।
- अन्य पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की लड़कियों, जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 8 लाख रुपए तक है, को शिक्षा शुल्क और परीक्षा शुल्क में 100 प्रतिशत प्रतिपूर्ति।
- इस फैसले से करीब 2 लाख 5 हजार 499 लड़कियों को फायदा होगा। करीब 2 हजार करोड़ रुपए का बोझ

### पर्यटन

- 66 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत पर वेंगुर्ला, जिला सिंधुदुर्ग में अंतर्राष्ट्रीय श्रेणी की पनडुब्बी परियोजना।
- सतारा जिले के पश्चिम घाट क्षेत्र में पर्यटन स्थलों के विकास के लिए 381 करोड़ 56 लाख रुपए की एकीकृत पर्यटन विकास योजना को मंजूरी दी गई।
- मालशेज घाट पर सभी सुविधाओं से युक्त अत्याधुनिक व्यूइंग गैलरी स्थापित की जाएगी।
- नागपुर जिले में रामटेक विकास योजना के दूसरे चरण में 211 करोड़ रुपए के कार्य किये जायेंगे।

## युवाओं के लिए विभिन्न योजनाएं

- मुख्यमंत्री युवा कार्यक्रम प्रशिक्षण योजना : हर साल 10 लाख युवाओं को ऑन-द-जॉब प्रशिक्षण प्रदान करना, प्रति प्रशिक्षु 10 हजार रुपए तक ट्यूशन फीस, लगभग 6 हजार करोड़ रुपए का वार्षिक व्यय
- सरकार की योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने के लिए हर साल 50 हजार युवाओं को जॉब ट्रेनिंग
- पंडित दीन दयाल उपाध्याय रोजगार मेला एवं नमो महारोजगार मेले से वर्ष 2023-24 में नौकरियों के लिए 95 हजार 478 अभ्यर्थियों का चयन
- मुंबई के गोवंडी में 'स्वामी विवेकानंद अंतर्राष्ट्रीय कौशल विकास प्रबोधिनी' लागू : ग्रामीण क्षेत्रों में 511 'प्रमोद महाजन ग्रामीण कौशल विकास केंद्रों' की स्थापना, 15 से 45 वर्ष की आयु के 18 हजार 980 उम्मीदवारों को कौशल प्रशिक्षण।
- अनुसंधान और नवाचार केंद्रों के लिए विश्वविद्यालय और सरकार से 50 करोड़ रुपए की कुल धनराशि
- शबरी आदिवासी वित्त एवं विकास निगम के माध्यम से स्वरोजगार वित्त योजनाओं के लिए 100 करोड़ रुपए का आवंटन
- 2024-25 से विदेशी शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति योजना अल्पसंख्यक समुदायों के छात्रों के लिए भी लागू
- अन्य पिछड़ा वर्ग, विमुक्त जाति और घुमंतू जनजाति तथा विशेष पिछड़ा वर्ग के उच्च शिक्षा प्राप्त विद्यार्थियों के लिए ज्ञानज्योति सावित्रीबाई फुले आधार योजना के तहत प्रति वर्ष 38 से 60 हजार रुपए तक आवास भत्ता
- गोपीनाथ मुंडे गन्ना श्रमिक विकास निगम के माध्यम से गन्ना श्रमिकों के बच्चों के लिए 82 सरकारी छात्रावास स्थापित करने की मंजूरी
- 100 नए सरकारी मेडिकल कॉलेजों और 430 बिस्तरों वाले संबद्ध अस्पतालों की स्थापना को मंजूरी।
- रायगढ़ में 100 छात्रों की नामांकन क्षमता वाला एक नया सरकारी यूनानी कॉलेज, बुलढाणा जिले में नया सरकारी आयुर्वेद कॉलेज स्थापित करने को मंजूरी

## अन्य योजनाएं

- महापे, नवी मुंबई में 25 एकड़ भूमि पर 'इंडिया जेम्स एंड ज्वेलरी पार्क' की योजना, 50 हजार करोड़ रुपए का निवेश
- निजी निवेश बढ़ाने के लिए लघु-स्तरीय कपड़ा उद्योग परिसरों और तकनीकी कपड़ा पार्कों की स्थापना की जाएगी।
- सिंधुदुर्ग जिले में अंतर्राष्ट्रीय मानक स्कूबा डाइविंग केंद्र, अपेक्षित लागत 20 करोड़ रुपए
- क्रेडिट संस्थानों के स्थिरीकरण और तरलता के लिए 100 करोड़ का फंड
- भगवान बिरसा मुंडा जुड़ाव योजना के लिए 1 हजार 400 करोड़ रुपए का प्रावधान
- पीएम ई-बस सेवा योजना 19 नगर निगमों में लागू
- 'डी' श्रेणी के नगर निगम, सभी नगर परिषदों और नगर पंचायतों में अग्निशमन सेवाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए 615 करोड़ रुपए की योजना लागू की जाएगी।
- मुंबई, नंदुरबार, नांदेड़, वर्धा, अमरावती और कोल्हापुर में चैरिटी कमिश्नर के तहत कार्यालयों के निर्माण के साथ-साथ मौजूदा भवनों के नवीनीकरण के लिए 125 करोड़ रुपए का फंड।
- मुंबई में साहित्य रत्न लोकतांत्रिक अन्नाभाऊ साठे शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान की 305 करोड़ रुपए की परियोजना को मंजूरी।
- जिला स्तर पर संस्थागत क्षमता बढ़ाकर विकास को बढ़ावा देने के लिए विश्व बैंक की सहायता से 2 हजार 232 करोड़ रुपए की 'महास्ट्राइड' परियोजना क्रियान्वित की जाएगी।

## वारकरी बंधुओं के लिए

- ▸▸ पंढरपुर दिंडी के लिए 36 करोड़ रुपए आवंटित
- ▸▸ हर एक दिंडी (तीर्थयात्रियों का समूह) को 20,000 रुपए मिलेंगे
- ▸▸ पंढरपुर वारी को UNICEF में विशेष दर्जा देने का प्रस्ताव

## कमजोर वर्गों के लिए

- ▸▸ निराश्रित, विधवा, दिव्यांग एवं वृद्ध नागरिकों को मासिक वित्तीय सहायता में वृद्धि, एक हजार से बढ़ाकर डेढ़ हजार रुपए
- ▸▸ पान, पानपिंपरी और मूसली उत्पादक बारी समुदाय के आर्थिक, सामाजिक, शैक्षिक विकास के लिए संत श्री रूपलाल महाराज आर्थिक विकास निगम की स्थापना।
- ▸▸ दिव्यांग व्यक्तियों के लिए 34 हजार 400 घरकुल बनाए जाएंगे
- ▸▸ विकलांग व्यक्तियों को इलेक्ट्रिक वाहन वितरित करना
- ▸▸ धनगर समाज की शैक्षणिक और सामाजिक गतिविधियों के लिए खारघर, नवी मुंबई में 4000 वर्ग मीटर का भूखंड
- ▸▸ मौलाना आज़ाद अल्पसंख्यक आर्थिक विकास निगम द्वारा क्रियान्वित योजनाओं के लिए ऋण पर सरकारी गारंटी सीमा 30 करोड़ रुपए से 500 करोड़ रुपए।

## स्वास्थ्य

- ▸▸ महात्मा ज्योतिराव फुले जन आरोग्य योजना राज्य के सभी परिवारों के लिए लागू
- ▸▸ प्रति परिवार 1 लाख 50 हजार रुपए से 5 लाख रुपए तक स्वास्थ्य बीमा कवरेज
- ▸▸ 'हिंदुहृदयसम्राट बाळासाहेब ठाकरे आपला दवाखाना' 347 स्थानों पर शुरू
- ▸▸ स्वच्छ भारत अभियान ग्रामीण के द्वितीय चरण वर्ष 2024-25 हेतु 1 हजार 886 करोड़ 84 लाख रूपये की धनराशि का प्रावधान।

## घर

- ▸▸ अगले 5 वर्षों में 35 लाख 40 हजार 491 घरकुल का निर्माण किया जाएगा।
- ▸▸ वर्ष 2024-25 में विभिन्न घरकुल योजनाओं के लिए 7 हजार 425 करोड़ रुपए का प्रावधान।
- ▸▸ बृहन्मुंबई नगर निगम क्षेत्र में मिल श्रमिकों को 12 हजार 954 फ्लैट वितरित करने की योजना

## बुनियादी ढांचे के लिए

- ▸▸ मुंबई, पुणे और नागपुर शहरों में कुल 449 किमी लंबी मेट्रो लाइनें बनाने की मंजूरी
- ▸▸ शिवडी-वर्ली लिंक रोड दिसंबर 2025 के अंत तक पूरा हो जाएगा
- ▸▸ ठाणे कोस्टल रोड के लिए 3 हजार 364 करोड़ रुपए का फंड
- ▸▸ प्रधानमंत्री ग्रामसड़क योजना : तीसरे चरण में लगभग 6 हजार 500 किमी सड़क सुधार का लक्ष्य
- ▸▸ मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तीसरे चरण में 23 हजार किलोमीटर लंबी सड़कों का काम 3 साल में पूरा किया जाएगा



## जंगली जानवरों के हमले से जानमाल की हानि

- ▸▸ मुआवजा राशि 20 लाख रुपए से बढ़ाकर 25 लाख रुपए स्थायी विकलांगता की स्थिति में 5 लाख रुपए से बढ़ाकर 7 लाख और 50 हजार रुपए
- ▸▸ गंभीर चोट की स्थिति में 1 लाख 25 हजार रुपए से बढ़ाकर 5 लाख रुपए
- ▸▸ मामूली चोट लगने पर 20 हजार रुपए से बढ़ाकर 50 हजार रुपए
- ▸▸ कृषि फसल के मुआवजे के लिए देय अधिकतम राशि को 25 हजार रुपए से बढ़ाकर 50 हजार रुपए।

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़,
नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

**अनमोल विचार** तुम जो हो उसे अपनाओ और खुद से प्यार करो : निकोल शेर्जिंगर

## मुंबई में पेट्रोल 65 पैसे, डीजल 2.60 रुपए सस्ता






- महाराष्ट्र बजट 2024 में अजित पवार का ऐलान
- महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई महानगर क्षेत्र में ईंधन पर मूल्य वर्धित कर (वैट) में कटौती की
- ऐलान केवल मुंबई महानगर क्षेत्र में लागू, खजाने पर पड़ेगा 200 करोड़ का बोझ

# मुंबईकरों को तोहफा

नितिन तोरस्कर | मुंबई

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव सितंबर-अक्टूबर में होने की उम्मीद है। इससे पहले एकनाथ शिंदे सरकार की ओर से आम जनता के लिए घोषणाएं की गईं। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री अजित पवार ने विधानमंडल में बजट पेश किया। इस दौरान महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई महानगर क्षेत्र में ईंधन पर मूल्य वर्धित कर (वैट) में शुक्रवार को कटौती की। इससे पेट्रोल 65 पैसे प्रति लीटर और डीजल 2.60 रुपये प्रति लीटर सस्ता हो जाएगा। महायुति सरकार ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कटौती कर वाहन चालकों को राहत देने की कोशिश की है। दरअसल पूरे राज्य में वैट को एक समान बनाने के लिए ये कदम उठाए गए हैं।

### कितनी राहत?

महाराष्ट्र के अहम शहरों मुंबई, ठाणे और नवी मुंबई में पेट्रोल-डीजल के दाम कम होने वाले हैं। पेट्रोल के रेट में 65 पैसे की कटौती की गई है, जबकि डीजल के रेट में दो रुपये सात पैसे की कटौती की गई है। महंगाई की मार झेल रहे आम नागरिकों को महाराष्ट्र सरकार के फैसले से बड़ी राहत मिली है।

### क्यों उठाया ये कदम?

दरअसल पूरे राज्य में पेट्रोल और डीजल पर वैट यानी मूल्य वर्धित कर को एक समान करने का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही सरकार ने बिजनेस टैक्स और स्टांप ड्यूटी को लेकर भी लचीला प्रावधान करने का फैसला किया है। सभी आम नागरिकों और वाहन मालिकों की निगाहें अब अजित पवार की घोषणा के क्रियान्वयन पर टिकी हैं।

### किसको होगा फायदा?

गौर करने वाली बात यह है कि यह ऐलान केवल मुंबई महानगर क्षेत्र में लागू होगा। इस कदम से राज्य के खजाने पर 200 करोड़ रुपये का बोझ पड़ेगा। घोषणा के बाद संवाददाताओं से बातचीत में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि बजट में वैट में कटौती का प्रस्ताव किया गया है। राज्य विधानसभा और विधान परिषद की ओर से बजट पारित होने के बाद यह निर्णय एक जुलाई से लागू हो जाएगा।



### वैट सभी जगह एक समान

राज्य भर में पेट्रोल और डीजल पर वैट यानी मूल्य वर्धित कर को बराबर करने के लिए बृहन्मुंबई, ठाणे और नवी मुंबई के नगरपालिका क्षेत्रों में डीजल पर वर्तमान कर 24 प्रतिशत से 21 प्रतिशत करने का प्रस्ताव किया गया है। इस बदलाव के कारण ठाणे, बृहन्मुंबई और नवी मुंबई के नगरपालिका क्षेत्रों में पेट्रोल की कीमत लगभग 65 पैसे और डीजल की कीमत लगभग 2 रुपये 7 पैसे प्रति लीटर सस्ती हो जाएगी। इससे आम नागरिकों के साथ-साथ उद्योग और व्यापार क्षेत्र को भी राहत मिलेगी।

# 'महायुति से अजित पवार को निकालो'

- फडणवीस के करीबी ने खोला मोर्चा

मुंबई। लोकसभा चुनावों बीजेपी की हार के बाद महाराष्ट्र में बड़े खेला की आग धधक रही है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के मुखपत्र ऑर्गेनाइजर में हार के लिए अजित पवार से हाथ मिलाने को बड़ी वजह बताया गया था, बीजेपी के बड़े नेता जहां इस मुद्दे पर कुछ भी बोलने से बच रहे हैं तो वहीं दूसरी बीजेपी के अपने कैडर में अजित पवार को लेकर असंतोष बढ़ता जा रहा है। पुणे बीजेपी के उपाध्यक्ष सुदर्शन चौधरी ने एनसीपी को महायुति गठबंधन से हटाने की मांग की है। शिरुर में आयोजित पार्टी की बैठक में सुदर्शन चौधरी ने कहा कि अब बीजेपी के कार्यकर्ता अजित पवार के साथ सरकार बनाने के बजाय सत्ता से बाहर जाना पसंद करेंगे। इलाके के विधायक राहुल कुल की मौजूदगी में बीजेपी जिला उपाध्यक्ष ने सवाल किया कि हमारे सत्ता में रहने का क्या मतलब है? हम काम करेंगे और वह बॉस बनकर हमें आदेश देंगे। हमें ऐसी शक्ति नहीं चाहिए।



### फडणवीस के करीबी हैं चौधरी

सुदर्शन चौधरी की गिनती उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के करीबियों में होती है। चौधरी के बयान से एक बार फिर चर्चा छिड़ गई है कि क्या राज्य में बड़ा खेला होने का ग्राउंड तैयार हो रहा है? पिछले दिनों सूत्रों के हवाले से यह जानकारी सामने आई थी कि बीजेपी पिछले चुनावों में जीती हुई सीटों पर एक सर्वे शुरू कराया है। इसमें पार्टी लोगों के मूड का पता लगा रही है। इस सर्वेक्षण में यह भी पूछा जा रहा है कि बीजेपी को क्या एनसीपी के साथ रहना चाहिए? सुदर्शन चौधरी पुणे जिला बीजेपी के उपाध्यक्ष हैं। अजित पवार पुणे के प्रभारी मंत्री हैं। सुदर्शन चौधरी के बयान पर बीजेपी के किसी बड़े की प्रतिक्रिया नहीं आई है। जिसमें उनके बयान को निजी बताया गया हो। ऐसे में सवाल खड़ा हो रहा है कि महाराष्ट्र में अब बीजेपी और एनसीपी की दोस्ती कितने दिनों की बची है? क्या महायुति से एनसीपी की एक्जिट शुरू हो गया है?

### सुदर्शन चौधरी ने मांगी सुरक्षा

महायुति से अजित पवार को बाहर निकालने की मांग करने के बाद बीजेपी जिला उपाध्यक्ष सुदर्शन चौधरी ने पुणे पुलिस से सुरक्षा की मांग की है। चौधरी ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि मैंने सार्वजनिक भावना व्यक्त की है, एनसीपी के गुंडे पुणे कृषि उपज बाजार समिति के कार्यालय में आ रहे हैं और नारे लगा रहे हैं, मेरी जान खतरे में है और देवेन्द्र फडणवीस से मेरी रक्षा करने का अनुरोध करते हैं। चौधरी ने समीक्षा बैठक में बीजेपी विधायक राहुल कुल के सामने कहा था कि अगर अजित पवार सत्ता में हैं, तो हमें सत्ता नहीं चाहिए। अजित पवार को महायुति से बाहर निकालें। अजित पवार पिछले साल दो जुलाई को महायुति में शामिल हुए थे। ऐसे में वह अगली दो जुलाई को बतौर डिप्टी सीएम एक साल का कार्यकाल पूरा करेंगे।

## अगले तीन दिन 50% बारिश के आसार

**मुंबई।** मुंबई और आसपास के इलाकों में गुरुवार से रुक-रुक कर मध्यम से भारी बारिश हो रही है। शुक्रवार को भी दिन भर बादल छाए रहे और रुक-रुक कर बारिश होती रही। आईएमडी ने पूर्वानुमान लगाया है कि मुंबई में अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जाएगा। बीएमसी ने मुंबई के मौसम अपडेट में आगे बताया कि शुक्रवार को सुबह 8 बजे समाप्त हुए 24 घंटे की अवधि में द्वीप शहर में 66.53 मिमी बारिश दर्ज की गई। इसमें कहा गया है कि पूर्वी उपनगरों में 79.65 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि पश्चिमी उपनगरों में 59.42 मिमी बारिश दर्ज की गई।

पुणे बार मामला

# नाइजीरियाई नागरिक समेत तीन गिरफ्तार

**पुलिस ने की ड्रग्स ले जाने वाले दो शख्स की पहचान**



**पुणे।** पुणे बार मामले में एक नाइजीरियाई नागरिक समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दरअसल, हाल ही में पुणे के फर्ग्युसन कॉलेज कॉलेज रोड पर स्थित एक बार में कुछ लोगों को नशीली दवाओं जैसे पदार्थ के साथ देखा गया था। इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद ही पुणे पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी थी। इस वीडियो में पुलिस ने दो लोगों की पहचान की, जिन्हें पुणे के लिक्विड लीजर लाउंज (एल 3) बार में ड्रग्स ले जाते हुए देखा गया।

### पुलिस ने की ड्रग्स का इस्तेमाल करने वालों की पहचान

दोनों आरोपियों की पहचान नितिन थोम्ब्रे और करण मिश्रा के तौर पर की गई है। गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों में से एक ड्रग्स (मेफेड्रोन) सप्लाई करता था, जिसका इस्तेमाल आरोपी नितिन थोम्ब्रे और करण मिश्रा एल3 बार में करता था। पुलिस उपायुक्त संदीप सिंह गिल ने कहा, नाइजीरियाई नागरिक समेत जिन दो अन्य लोगों को पकड़ा गया, उन्होंने तीसरे आरोपी को ड्रग्स सप्लाई किया था। हमने 75,000 रुपये की कोकीन और 7 ग्राम वजन वाला मेफेड्रोन पाउडर बरामद किया। तीनों को नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) एक्ट के तहत गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया।

### अब तक 13 गिरफ्तार

इस मामले में पुलिस ने अबतक 13 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। वहीं, आबकारी विभाग ने शराब स्टॉक और अन्य उल्लंघनों के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार किया है। आबकारी विभाग द्वारा लाइसेंस रद्द करने के बाद बार को सील कर दिया गया, जबकि नागरिक अधिकारियों ने बार के अनधिकृत हिस्सों को तोड़ दिया। वीडियो के वायरल होने के बाद एल3 बार प्रकाश में आया। पुलिस के अनुसार, बार 23 जून की सुबह पांच बजे तक खुला था। यहां तय समय से ज्यादा देर तक शराब बेचा गया। पुणे में रात के डेढ़ बजे तक बार और पब को खुला रखने की अनुमति है। वीडियो के जारी होने के बाद ही एक इंस्पेक्टर, सहायक इंस्पेक्टर और दो बीट मार्शल को इस मामले में निलंबित कर दिया गया।

पुणे पोर्श कांड

# पुलिस प्रमुख अमितेश के बचाव में आए फडणवीस

**मुंबई।** उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि पुणे पोर्श कार हादसे की जांच में पुणे के पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार की सक्रिय भूमिका रही है, लेकिन इस मामले में किसी भी दोषी को बक्शा नहीं जाएगा। साथ ही पुणे में ड्रग रैकेट को पूरी तरह से नेस्तनाबूद करने के लिए कठोर कदम उठाए जा रहे हैं। देवेंद्र फडणवीस शुक्रवार को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय वडेट्टीवार की ओर से लाए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव का जवाब दे रहे थे। विजय वडेट्टीवार ने पुणे में चल रहे गैरकानूनी काम और पोर्श कार हादसे में पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार की भूमिका को संदेहास्पद बताया और उन पर तत्काल कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने एक प्रस्ताव के माध्यम से पुणे में ड्रग के बढ़ रहे सेवन पर चिंता जताई और कहा कि इससे युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है। पुणे में 27 से अधिक पब गैरकानूनी तरीके से चल रहे हैं और इन पबों में युवकों को शराब से अधिक ड्रग परोसी जा रही है। साथ ही पुणे के ससून अस्पताल को ड्रग माफिया से ही नहीं, अपराधियों के साथ सांठगांठ कई बार सामने आई, लेकिन कठोर कार्रवाई नहीं की गई है।



### मामले को दबाने की कोशिश

वहीं, रुपये देकर मामले को दबाने की कोशिश करने की बात को स्वीकार करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा, 'इसकी अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। हमें यह देखना होगा कि कानूनों को और मजबूत कैसे किया जा सकता है। मामला गंभीर है, लेकिन पुणे पुलिस को बदनाम करने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने मामले में कार्रवाई की है। दोषी पुलिस अधिकारियों को दंडित किया गया है। पुणे पुलिस कमिश्नर अमितेश कुमार ने हादसे की जांच में सक्रिय भूमिका निभाई है। ऐसा कोई संकेत नहीं मिला है, जिससे उनके खिलाफ कोई कार्रवाई की जाए।

### क्या है मामला?

दुर्घटना 19 मई को सुबह करीब 2.15 बजे हुई थी। 17 वर्षीय किशोर अपने दोस्तों के साथ पुणे के दो पब में 12वीं कक्षा के परिणाम का जश्न मनाने बाद वापस लौट रहा था। तभी उसने कल्याणी नगर इलाके में दो 24 वर्षीय आईटी पेशेवरों को टक्कर मार दी। वह 150 किमी प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से 2.5 करोड़ रुपये की पोर्श चला रहा था। बाइक चला रहे अनीश अवधिया और पीछे बैठे अश्विनी कोष्टा की मौके पर ही मौत हो गई थी। यरवदा पुलिस स्टेशन से जुड़े दो पुलिसकर्मियों को मामले के संबंध में कर्तव्य की कथित लापरवाही के लिए निलंबित कर दिया गया है। पुलिस ने आरोप लगाया है कि किशोर के रक्त के नमूनों को उसकी मां के साथ बदल दिया गया था। नाबालिग के माता-पिता और सरकारी ससून जनरल अस्पताल के दो डॉक्टरों को नमूने बदलने के लिए गिरफ्तार किया गया है। फडणवीस ने कहा कि ससून के चिकित्सकों ने तीन लाख रुपये की रिश्वत के लिए रक्त के नमूने बदले थे। हम हर मामले में खामियों से सीखते हैं। नए आपराधिक कानून जो एक जुलाई से लागू होंगे, कानूनी, फोरेंसिक और तकनीकी साक्ष्य को अधिक महत्व देते हैं।'

झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरण, बृहन्मुंबई

जा.क्र. SRA/CO/OW/33941/सन 2024
सहकार कक्ष, झो.पु.प्रा., मुंबई
दिनांक : 27/06/2024

-: ऑनलाईन सोडत पध्दतीने सदनिका वाटपाची सुचना :-

न्यु उजाला एसआरए सहकारी गृहनिर्माण संस्था मर्यादित, न.भु.क्र. ३२५, ३२५/१ आणि ३२६, मौजे - ओशिवरा, ता. अंधेरी, न्यू लिंक रोड, बेहरामबाग, जोगेश्वरी (प), मुंबई- ४००१०२ या नोंदणीकृत संस्थेच्या पुनर्वसन इमारतीमधील निवासी सदनिकांचे सोडत पध्दतीने वितरण करण्यासाठी प्राधिकरणाकडील परिपत्रक क्र. १६२ / दिनांक २३.१०.२०१५ व अंशतः बदल आदेश दिनांक ३०.०६.२०२० नुसार सशुल्क (विशेष कक्ष) तथा मा. सहाय्यक निबंधक, सहकारी संस्था (मुंबई शहर), मुंबई यांचेकडिल दिनांक २१.०६.२०२४ रोजीचे पत्रान्वये माझी प्राधिकृत अधिकारी म्हणुन नियुक्ती करण्यात आलेली आहे.
त्यानुसार संस्थेच्या पुनर्वसन योजनेतील सशुल्क पात्र झोपडीधारकांना पुनर्वसन इमारतीमधील एकुण १९ निवासी सदनिकांचे सोडत पध्दतीने वितरण गुरुवार दिनांक ०४.०७.२०२४ रोजी सकाळी १०.३० वाजता, स्थळ : प्राधिकरणाच्या कार्यालयात ऑनलाईन पध्दतीने झूम ॲप (Zoom App) वर संगणीकृत प्रणालीव्दारे आयोजित केलेली आहे.

-: सभेचा विषय :-

झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरणाचे परिपत्रक क्र. १६२/दि. २३.१०.२०१५ व ऑनलाईन पध्दतीने लॉटरी घेणेकामी अंशतः बदल आदेश दिनांक ३०.०६.२०२० नुसार ऑनलाईन झूम ॲप (Zoom App) वर सोडत पध्दतीने पुनर्वसन योजनेच्या इमारतीमधील एकुण १९ निवासी सदनिकांचे वाटप करणे.

Meeting ID : 83490838250
Passcode : 04072024

ठिकाण : मुंबई
दिनांक : 27/06/2024

सही/-
(एच.आर. गावडे)
प्राधिकृत अधिकारी तथा
सहकारी अधिकारी, (श्रेणी-2), झोपुप्रा, मुंबई

टिप : सोडतीसाठी पात्र (पती/पत्नी) झोपडीधारकांनीच ऑनलाईन लॉटरीमध्ये विहीत वेळेत व तारखेस सहभागी व्हावेत.
प्रति,
१. श्री/श्रीम.......................................................... परि. २ अ.क्र...........................................
न्यु उजाला एसआरए सह. गृह. संस्था मर्या, न्यू लिंक रोड, बेहरामबाग, जोगेश्वरी (प), मुंबई - १०२. २. अध्यक्ष / सचिव, न्यु उजाला एसआरए सहकारी गृहनिर्माण संस्था मर्या, न.भु.क्र. ३२५, ३२५/१ आणि ३२६, मौजे-ओशिवरा, ता. अंधेरी, न्यू लिंक रोड, बेहरामबाग, जोगेश्वरी (प), मुंबई-४००१०२
प्रत माहितीसाठी : १) मा. सहाय्यक निबंधक, सहकारी संस्था (पुर्व व पश्चिम उपनगरे), झोपुप्रा., मुंबई २) जनसंपर्क अधिकारी, झोपुप्रा., मुंबई

# विस्तारा की फ्लाइट को बम से उड़ाने की मिली धमकी

- मुंबई एयरपोर्ट पर की गई सामान की जांच

दोपहर संवाददाता | मुंबई

केरल के तिरुवनंतपुरम से मुंबई जाने वाली विस्तारा एयरलाइन की फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी मिली। शुक्रवार को मिली धमकी के बाद यात्रियों में हड़कंप मच गया। मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंड करने के बाद फ्लाइट की तलाशी ली गई। यात्रियों और उनके सामान की जांच हुई। हालांकि, कोई भी संदिग्ध सामान नहीं मिला।
मुंबई के सहार पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने बताया कि एक क्रू मेंबर को 'फ्लाइट में बम' लिखा एक नोट मिला। इससे फ्लाइट में अफरा-तफरी की स्थिति हो गई थी। छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट (मुंबई एयरपोर्ट) पर शाम करीब 3:15 बजे फ्लाइट की लैंडिंग हुई। इसके तुरंत बाद पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी।




### विस्तारा ने जारी किया बयान

इस मामले में विस्तारा के प्रवक्ता ने बयान जारी किया है। बयान में कहा गया, हम कंफर्म करते हैं कि 28 जून 2024 को तिरुवनंतपुरम से मुंबई जाने वाली फ्लाइट UK 552 में हमारे स्टाफ में सुरक्षा की चिंता देखी गई। प्रोटोकॉल के मुताबिक हमने तुरंत संबंधित अधिकारियों को अलर्ट कर दिया। फ्लाइट को सुरक्षित रूप से आइसोलेशन बे में ले जाया गया। छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंडिंग करते हुए सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया। हम अनिवार्य सुरक्षा जांच को पूरा करने के लिए सुरक्षा एजेंसियों के साथ पूरा सहयोग कर रहे हैं। विस्तारा में हमारे यात्रियों, क्रू टीम और फ्लाइट की सेफ्टी हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### दिल्ली-श्रीनगर की फ्लाइट को भी मिली थी बम से उड़ाने की धमकी

इससे पहले 31 मई को दिल्ली से श्रीनगर जाने वाली विस्तारा की फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। फ्लाइट UK-611 में 177 यात्री और एक नवजात भी सवार थे। हालांकि, बम की धमकी फर्जी निकली। फ्लाइट ने दोपहर 12:10 बजे श्रीनगर एयरपोर्ट पर सेफ लैंडिंग की।

### धमकी के बाद पेरिस-मुंबई फ्लाइट की हुई थी इमरजेंसी लैंडिंग

2 जून को पेरिस से 306 लोगों को लेकर मुंबई जा रही विस्तारा की फ्लाइट में भी बम होने की धमकी मिली। जिसके बाद फ्लाइट के मुंबई एयरपोर्ट पर पहुंचने से पहले शहर के एयरपोर्ट पर इमरजेंसी घोषित कर दिया गया। विस्तारा एयरलाइन से जुड़े सूत्र ने रविवार को बताया कि, रपेरिस के चार्ल्स डी गुआले हवाई अड्डे से मुंबई की उड़ान यूके 024 को एयर सिकनेस बैग पर एक हाथ से लिखा नोट मिला जिसमें बम होने की धमकी दी गई थी। हालांकि, जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला था। फ्लाइट ने इमरजेंसी लैंडिंग की थी।

बृहन्मुंबई महानगरपालिका

(ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, एच/वेस्ट वॉर्ड)

क्र.एई/एसडब्ल्यूएम/एचडब्लू/2638/जीईएन/दिनांक.27/06/2024

रुचि अभिव्यक्ति विज्ञापन

सहायक अभियंता (एसडब्ल्यूएम) एच/पश्चिम ने "स्वच्छ मुंबई प्रबोधन अभियान योजना" के कार्य के लिए एच/पश्चिम वार्ड के अधिकार क्षेत्र में आने वाली सहकारी समितियों, सेवा सहकारी समितियों आदि के रूप में पंजीकृत विभिन्न संस्थाओं से ईओआई आमंत्रित की है। इन संस्थाओं का चयन लॉटरी ड्रा सिस्टम के अनुसार किया जाएगा। उक्त पंजीकृत संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं, जिसके लिए पात्र आवेदकों की लॉटरी ड्रा प्रणाली के बाद चयन किया जाएगा।

उक्त कार्य के लिए फॉर्म 29.06.2024 से 05.07.2024 के बीच सुबह 10.30 बजे से दोपहर 01.30 बजे के बीच सहायक अभियंता (एसडब्ल्यूएम) एच/डब्ल्यू वार्ड के कार्यालय में रु. 867/- + 18% जीएसटी (गैर वापसी योग्य) की राशि का नकद भुगतान करने के बाद उपलब्ध होगा। आपके द्वारा पात्र आवेदकों की लॉटरी निकाली जाएगी, उक्त योजना की नियम एवं शर्तों के अनुसार माननीय ए.सी.एच/डब्ल्यू वार्ड द्वारा सफल आहरितकर्ताओं को कार्य सौंपा जाएगा।

पीक्यूसी आवेदन पत्र एवं अंडरटेकिंग प्रारूप के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए इच्छुक संस्थाएं/आवेदक एसडब्ल्यूएम कार्यालय, एच/डब्ल्यू वार्ड से संपर्क कर सकते हैं। आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि और समय 05.07.2024 (अपराह्न 02.00 बजे तक) होगी।

कृपया ध्यान दें कि समय सीमा के बाद जमा किया गया आवेदन पत्र आगे की प्रक्रिया के लिए विचार नहीं किया जाएगा।

हस्ता/-
कार्यकारी अभियंता (एस.डब्लू.एम.)
जेड-III (आई/सी)

पीआरओ/325/विज्ञा./2024-25

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

संपादकीय

# असुविधा का टोल टैक्स

इस बात में कोई दो राय नहीं हो सकती कि गुणवत्ता की सेवा दिए बिना कोई टैक्स वसूलना उपभोक्ता के साथ अन्याय है। यह बात हर सरकारी व निजी महकमे पर लागू होती है। लेकिन यथार्थ में ऐसा होता नहीं है और बेहतर सेवा के बिना टैक्स वसूलने के खिलाफ लोग लोक अदालतों से लेकर विभिन्न अदालतों के दरवाजे खटखटाते रहते हैं। बहरहाल, यह बात सर्वविदित है, लेकिन केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के हालिया बयान ने इस बहस को तेज किया है। अपनी बात को बेबाकी से कहने वाले नितिन गडकरी ने अधिकारियों को दो टूक शब्दों में कहा कि यदि सड़कें अच्छी हालत में न हों और लोगों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हो, तो राजमार्ग पर एजेंसियों द्वारा टोल टैक्स वसूलने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने कहा कि टोल टैक्स वसूलने से पहले हमें अच्छी सेवाएं देनी चाहिए। लेकिन हम अपने आर्थिक हितों की रक्षा के लिये टोल टैक्स वसूलने की जल्दी में रहते हैं। केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री ने स्वीकारा कि सड़कें अच्छी नहीं होने पर तमाम शिकायतें हमें मिलती हैं। दूसरी ओर सोशल मीडिया पर लोग अपना गुस्सा जाहिर करते हैं। सही मायनों में गुणवत्ता की सड़क प्रदान करने पर ही हमें टोल वसूलने का अधिकार मिलता है। जाहिर सी बात है कि गड्ढों व कीचड़ वाली सड़कों पर टैक्स वसूलने पर पब्लिक की नाराजगी स्वाभाविक रूप से सामने आएगी। निस्संदेह, परिवहन मंत्री की स्वीकारोक्ति एक अच्छा कदम है और हर विभाग के मंत्री को अपने अधीनस्थ विभागों की कारगुजारियों पर नजर रखनी चाहिए। मंत्री को विभाग की खामियों पर पर्दा डालने के बजाय सेवा में सुधार की पहल करनी चाहिए। अब चाहे मामला राष्ट्रीय राजमार्गों पर कार्यरत एजेंसियों का हो या फिर बिजली-पानी जैसे मूलभूत जरूरतों वाले विभागों का, अधिकारियों को उपभोक्ताओं के प्रति संवेदनशील होना चाहिए। साथ ही जरूरी है कि शिकायत दर्ज करने और शिकायतों के तुरंत निवारण हेतु एक स्वतंत्र तंत्र भी विकसित किया जाना चाहिए। निस्संदेह, इसमें दो राय नहीं कि राष्ट्रीय राजमार्गों व एक्सप्रेस-वे आदि के बनने से यात्रियों का आवागमन सुविधाजनक हुआ है। लोगों के समय व वाहनों में पेट्रोल-डीजल में बचत हुई है। लेकिन कई स्थानों पर सड़कों की गुणवत्ता में कमी या सड़कों के निर्माण में तकनीकी खामियों का उजागर होना, उपभोक्ताओं को परेशान करता है। पहले राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल टैक्स चुकाने के लिये घंटों लाइन में लगना पड़ता था। कालांतर फास्टैग व्यवस्था से टोल कटने लगा। आज 98 फीसदी वाहनों में स्मार्ट टैग के माध्यम से निर्बाध यात्रा की जा रही है। आने वाले कुछ वर्षों में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम आधारित टोल संग्रह प्रणाली को अंजाम देने की तैयारी में है। जिसके बाद राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल गेटों की जरूरत नहीं रह जाएगी। फिर टोल प्लाजा पर गाड़ी धीमी करने व रोकने की भी जरूरत नहीं रहेगी। इसे देश में चरणबद्ध तरीके से शुरू किया जाएगा। पहले व्यावसायिक वाहनों से इसका प्रयोग शुरू होगा। जिसके लिये वाणिज्यिक वाहनों के लिये वाहन ट्रैकर सिस्टम यानी वीटीएस स्थापित करना जरूरी होगा। कालांतर अगले चरण में निजी वाहन भी इस टोल प्रणाली के दायरे में लाए जाएंगे। सरकार को उम्मीद है कि इस प्रणाली के लागू होने से टैक्स चोरी रुकेगी और जीएनएसएस आधारित टोल संग्रह प्रणाली से सरकार के टोल राजस्व में दस हजार करोड़ रुपये की वृद्धि होगी। दरअसल, यह नया सिस्टम न केवल सही ट्रैकिंग कर पाएगा बल्कि यह राजमार्ग पर उपयोग की गई दूरी के आधार पर सटीक टोल गणना भी करेगा। बहुत संभव है आने वाले वर्षों में कार निर्माता कंपनियां अपने वाहनों पर ट्रैकिंग डिवाइस लगाएं। प्रारंभ में इस सिस्टम को प्रमुख हाईवे व एक्सप्रेस-वे पर लागू किया जाएगा। जिसमें तय की गई दूरी के आधार पर ओबीयू से लिंक किए गए बैंक खाते से टोल टैक्स की राशि स्वतः कट जाएगी। निश्चित रूप से इस नये सिस्टम से भविष्य में टोल प्लाजा की आवश्यकता न होगी, लोगों का समय भी बचेगा। लेकिन सरकार ध्यान रखे कि सड़कों की गुणवत्ता को बनाये रखना पहली प्राथमिकता बनी रहे।

# तीस्ता प्रबंधन के बहाने पेइचिंग का खेल



पुष्परंजन

कुल 315 किलोमीटर लंबी तीस्ता नदी सिक्किम, पश्चिम बंगाल से बहती हुई बांग्लादेश में प्रवेश करती है, और ब्रह्मपुत्र में समाहित हो जाती है। तीस्ता पर भारत-बांग्लादेश के बीच कब समझौता होगा, किस देश को कितना पानी मिलेगा? फिलहाल यह साफ नहीं है। बांग्लादेश को 48 फीसदी तीस्ता का पानी चाहिए, लेकिन पश्चिम बंगाल सरकार की दलील है कि ऐसी स्थिति में उत्तर बंगाल के छह जिलों में सिंचाई व्यवस्था पूरी तरह ठप हो जाएगी। बंगाल इसके लिए जब तैयार नहीं है, तो फ़िर तीस्ता समझौता कैसे परवान चढ़ेगा? इस सवाल का ठोस उत्तर देने से दिल्ली भी बच रहा है। शेख़ हसीना की हालिया दिल्ली यात्रा और उभयपक्षीय समझौतों से हम चाहे जितना खुश हो लें, लेकिन तीस्ता कहीं न कहीं कड़वाहट का कारण बन रहा है। बांग्लादेश में विपक्ष और वहां का मीडिया फुंका पड़ा है। उनका मानना है कि तीस्ता जल में हिस्सेदारी के बग़ैर सारे समझौते बेकार हैं।

तीस्ता जल समझौते को अंतिम रूप देने का मामला जनवरी, 2011 से अधर में लटका पड़ा है। बांग्लादेश और भारत के बीच प्रधानमंत्री स्तर की बैठकों में इसकी चर्चा होती है, शीघ्र समापन के आश्वासन के साथ बात आई-गई हो जाती है। अनुरोध और आश्वासन का सिलसिला समाप्त नहीं हुआ। बजाय इसके, घोषणा यह की गई कि एक भारतीय तकनीकी टीम जल्द ही बांग्लादेश का दौरा करेगी, ताकि बांग्लादेश के अंदर 'तीस्ता नदी के संरक्षण और प्रबंधन' पर चर्चा की जा सके। 'नदी संरक्षण और प्रबंधन' से भारत का क्या अभिप्राय था? इस पर भारतीय विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने एक मीडिया ब्रीफिंग में बताया, 'यह जल-बंटवारे के बारे में कम, बल्कि तीस्ता नदी के भीतर जल प्रवाह के प्रबंधन के बारे में अधिक है।' बांग्लादेश के विश्लेषक मानते हैं कि तीस्ता जल-बंटवारे पर चर्चा को हाशिये पर छोड़ दिया गया। वो पूछते हैं, क्या तीस्ता जल बंटवारे को जान-बूझकर विषय से बाहर किया गया है? बांग्लादेश में तीस्ता नदी व्यापक प्रबंधन और पुनरुद्धार परियोजना (टीआरसीएमआरपी) पर चर्चा पिछले कुछ वर्षों से चल रही है। तीस्ता जल धारा को फिर से बहाल करने की इस मेगा परियोजना को चीन की वित्तीय और तकनीकी सहायता से क्रियान्वित किया जाना है। 2016 से ही चीन और बांग्लादेश इस मामले पर चर्चा कर रहे हैं। चीन के कूद पड़ने से ऐसा लगता है कि इस परियोजना में दिलचस्पी लेना भारत की मज़बूरी बन चुकी है। सितंबर 2016 में, बांग्लादेश जल विकास बोर्ड ने उत्तरी बांग्लादेश के ग्रेटर रंगपुर क्षेत्र में तीस्ता को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने के लिए चीन के पावर कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन के साथ एक 'एमओयू' पर हस्ताक्षर किए थे।

बांग्लादेश को तीस्ता नदी व्यापक प्रबंधन परियोजना के लिए लगभग 987.27 मिलियन डॉलर की आवश्यकता है। दिखावे के तौर पर बांग्लादेश ने विश्व बैंक, जापान, और दूसरी अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक सहयोग एजेंसियों से बात की। लेकिन बांग्लादेश जल संसाधन मंत्रालय के वरिष्ठ सचिव कबीर बिन अनवर ने जानकारी दी, कि चीन ने इस विशाल परियोजना की फंडिंग के वास्ते हामी भर दी है। तीस्ता बेसिन पर बसा रंगपुर से पंचगढ़ तक का इलाक़ा चीन के टारगेट में है, जहां उसे जल प्रबंधन के बहाने डाटा इकट्ठे करने हैं। बांग्लादेश का पंचगढ़ एक ऐसा सामरिक लोकेशन है, जो पूर्वोत्तर के चिकेन नेक (सिलीगुड़ी) से मात्र 67 किलोमीटर की दूरी पर है।

चिकेन नेक से लगे इलाके में चीनी कर्मियों की मौजूदगी सचमुच चिंता वाली बात है। तो क्या दिल्ली पर दबाव बनाने के वास्ते शेख़ हसीना यह खेल, खेल रही थीं? शेख़ हसीना संभवतः 8 से 14 जुलाई के बीच पेइचिंग की यात्रा पर रहेंगी। 24 जून, 2024 को सीपीसी सेंट्रल कमेटी के नेता लियु चिएनचाओ इस सिलसिले में ढाका आये थे। उन्होंने बांग्लादेश के विदेश मंत्री हसन महमूद से ढाका-पेइचिंग डेवलपमेंट कॉरपोरेशन, ब्रिक्स में बांग्लादेश को सदस्य बनाने, उभयपक्षीय व्यापार घाटे को दुरुस्त करने जैसे विषयों पर बात की, लेकिन तीस्ता पर अपडेट को लेकर किसी भी पक्ष ने मीडिया से सूचनाएं साझा नहीं कीं। अब जो दिल्ली में शेख़ हसीना की यात्रा को अभूतपूर्व उपलब्धि मान रहे थे, उन्हें इस पर ग़ौर करना चाहिए कि ढाका में चल क्या रहा है। बांग्लादेश का थिंक टैंक मानता है कि तीस्ता नदी पर भारतीय बैराज, इंफ्रा, जलविद्युत परियोजनाएं नदी के प्रवाह में बाधाएं पैदा करने के वास्ते हैं। उनको शक है कि भारत, तीस्ता के पानी के उचित हिस्से से बांग्लादेश को वंचित करने के उपक्रम में है। लेकिन वे चीन की प्लानिंग पर ग़ौर नहीं करते। पावर चाइना तीस्ता पर ड्रेजिंग और दोनों तरफ तटबंध बनाकर नदी की चौड़ाई को कम करने और उसकी गहराई बढ़ाने का प्रस्ताव दे चुका है। नदी के दोनों किनारों को पाटकर 170 वर्ग किलोमीटर भूमि को पुनः प्राप्त करना, उस भूमि पर आवास और औद्योगिक पार्क बनाना भी इस मेगा परियोजना का लक्ष्य है। वर्तमान में, तीस्ता नदी की अधिकतम चौड़ाई 5.1 किलोमीटर और औसत चौड़ाई 3.1 किलोमीटर है। टीआरसीएमआरपी परियोजना के तहत यह चौड़ाई घटाकर एक किलोमीटर कर दी जाएगी। इससे तीस्ता नदी के वेग और जल वहन क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। अमेरिका के पेनसिल्वेनिया स्थित कॉमनवेल्थ विश्वविद्यालय में भूविज्ञान और पर्यावरण विज्ञान के प्रोफेसर डॉ. एमडी खलीकुज्जमां के एक अध्ययन के अनुसार, 'नदी का क्रॉस-सेक्शन कम होने के कारण नदी का वेग बढ़ जाएगा। नतीजतन, जब बरसात के मौसम में पानी का प्रवाह बहुत बढ़ जाता है, तो दोनों किनारों पर कटाव की प्रवृत्ति बढ़ जाएगी। नदी के दोनों किनारों पर तटबंधों के कारण तीस्ता की अधिकांश सहायक नदियां और वितरिकाएं मुख्य धारा से कट जाएंगी। इससे जलग्रहण क्षेत्र में भूजल स्तर कम हो जाएगा, जिससे पीने योग्य पानी और उथले ट्यूबवेल के माध्यम से खींचे जाने वाले सिंचाई के पानी की उपलब्धता कम हो जाएगी।' मालूम नहीं, शेख़ हसीना के सलाहकार इस तथ्य से कितना सरोकार रखते हैं।

तीस्ता नदी परियोजना के चक्कर में बांग्लादेश एक नाजुक कूटनीतिक दुविधा में फंस चुका है। शेख़ हसीना की चीन यात्रा में जो कुछ होने जा रहा है, वह भारत की भू-राजनीतिक व सुरक्षा जोखिमों के बारे में चिंताएं पैदा करता है। तीस्ता प्रबंधन परियोजना समझौते पर चीन क्या करेगा, इस पर सबकी निगाहें हैं। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने चीन को तीस्ता परियोजना से दूर रखने की ताकीद बांग्लादेश से की है। कुछ साल पहले, बांग्लादेश ने कॉक्स बाजार के पास बंगाल की खाड़ी में सोनादिया गहरे समुद्र बंदरगाह पर परियोजना को रद्द कर दिया था, जिसे चीन बनाने के लिए उत्सुक था। भारत इसे लेकर असहज था। विश्लेषण करें कि इस बार भी शेख़ हसीना सकारात्मक निर्णय लेंगी।

## सहज योग

# सबसे बड़ी बात है प्रेम



आप अपनी जिम्मेदारी को अभी समझ नहीं पाए कि एक नया ज़माना जमाने की बात है। नए लोग, नया Dimension, एक नया आयाम जिसको आप समझ सकते हैं, सिर्फ vibrations से आप समझ सकते हैं। कोई और नहीं समझ सकता।

अभी जो सिद्धेश्वरी बाई गा रहीं थी उनकी हालत खराब थी, कल इतनी खराब थी कि घबरा-घबरा कर मेरे पास पहुंची। ऑपरेसन करना है और ये करना है, वो करना है, ऐसा है, वैसा है। हमने हाथ रखा और आज वो गाने लग गई। आप लोग सब ये काम कर सकते हैं। कोई ऐसा मैंने छोड़ा नहीं काम जो आप कर नहीं सकते। अब बस ये कि हमारे बीच में बड़ा परदा है, इस परदे को चाक करना आ जाए, काम बन जाएगा। इस पर्दे का ही चाक होना मुश्किल हो जाता है। बहरहाल आप पार हो गए तो पहले अपना तो परदा चाक हो जाए। अब हमारा और आपका बीच का अन्तर जितने जल्दी छूट जाए उतना ही काम बड़ा जबरदस्त है। इस चीज़ में अन्त में जो सबसे बड़ी बात है वो है प्रेम। हमें प्रेम के साथ तादात्म्य करना है। जब हम किसी के साथ बात करते हैं तो हम पहले ही सोच लेते हैं कि इसे प्रेम ही करें। ये सारा ही प्रेम इसमें आप कुछ गड़बड़ कर ही नहीं सकते। जैसे लोग हमसे कहते हैं कि आप हरेक को देखो तो रिलीजन दे रहा है। अमेरिका में खासकर लोगों को बड़ी परेशानी है, कि लोग उसको बुरी चीज़ के लिए भी इस्तेमाल कर सकते हैं। मैंने कहा क्या बुरा करेंगे? किसी की जागृति करेंगे, किसी को पार ही करेंगे या किसी को ठीक करेंगे। प्यार से आप किसी का बुरा कर ही नहीं सकते। आप ही सोचिए जिस आदमी को आप प्यार करते हैं आप उसका बुरा कभी कर सकते हैं? प्यार की पहचान ही ये है कि वो कभी किसी का अहित सोच ही नहीं सकता। जो भी होगा वो हितकारी होगा, वो जाएगा कहां? हित ही होगा। बस अपनी इज्जत खुद ही करनी होगी। बस अगर अपनी जैसे जैसे इज्जत करनी शुरू कर दी वैसे-वैसे आपकी स्थापना अन्दर हो गई। क्योंकि ये मन्दिर है और इस मन्दिर की जितनी भी आपने इज्जत करी हुई उतना ही उसके अन्दर परमात्मा का प्रकाश है। आप प्रेम से तादात्म्य पा सकते हैं। एकदम आप प्रेम से एकाकार हो सकते हैं, बिल्कुल एक स्वरूप हो सकते हैं। आपके अन्दर से शुद्ध प्रेम ही वह सकता है जो स्वयं साक्षात चैतन्य है, वही सत्य भी है, वही सौन्दर्य भी इस सबके साथ एकाकार आप एकदम हो सकते हैं। निर्विचारिता में आप बैठें। लेकिन निर्विचारिता तभी आती है जबकि आप इसको यहां से तो निकल गए हैं, यहां पर आ गए हैं। इस दशा में आप खड़े हैं कि आप निर्विचार हैं। आपका ब्रेन था वो सोचता था, अब ब्रेन से आपको निकालकर के सहस्रार तोड़कर के आपको यहां ले आए हैं। अब यहां आप जब पहुंच जाइए, इस जगह पर आप हाथ रखकर देख सकते हैं, जो अनुभव हुआ देखिए।

आपको लगेगा इस जगह अर्धबिन्दु में, जो लोग Realized हैं उनको महसूस होगा, जो लोग Realized नहीं हैं उनको महसूस नहीं होगा। लग रहा है? धीरे-धीरे ऊपर नीचे करें, ऊपर नीचे करें जरा नीचे, इससे ऊपर में अर्धबिन्दु की दशा है, उससे ऊपर में बिन्दु हैं, उसके ऊपर में वलय है।

प्रस्तुति : धीरज सिंह

## शख्सियत — आशुतोष मुखर्जी

# टाइगर ऑफ बंगाल



**आशुतोष मुखर्जी, जिन्हें बांग्लार बाग या टाइगर ऑफ बंगाल के नाम से जाना जाता है। वह एक शिक्षक, न्यायविद्, बैरिस्टर और गणितज्ञ थे। मुखर्जी को गणितीय अनुसंधान के क्षेत्र में प्रवेश करने वाले पहले आधुनिक भारतीय गणितज्ञ के रूप में जाना जाता है। उन्होंने 1908 में कलकत्ता मैथमैटिकल सोसाइटी की स्थापना की और 25 मई 1924 को अपनी मृत्यु तक इसके अध्यक्ष रहे। वह कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति बनने वाले दूसरे भारतीय थे, जहां उन्होंने 1906 से 1914 तक और फिर 1921 से 1923 तक सेवा की।**

आशुतोष मुखर्जी का जन्म 29 जून, 1864 को कोलकाता के बाउबाजार में जगततारिणी देवी और गंगा प्रसाद मुखोपाध्याय के घर हुआ था। वह कलकत्ता विश्वविद्यालय द्वारा गणित और भौतिकी में दोहरी मास्टर डिग्री से सम्मानित होने वाले पहले छात्र थे और शिक्षा के क्षेत्र में अपने आजीवन प्रयास के लिए जाने जाते हैं। 1880 में, प्रतिष्ठित प्रेसीडेंसी कॉलेज कलकत्ता में उनके प्रवेश ने उनकी क्षमता को निखारा। वहां एक छात्र के रूप में, उन्होंने प्रफुल्ल चंद्र रॉय और नरेंद्रनाथ दत्ता (जिन्हें हम स्वामी विवेकानंद के नाम से जानते हैं) जैसे साथियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया। आशुतोष मुखर्जी की प्रतिभा अचूक थी, हालांकि वह केवल प्रथम वर्ष के स्नातक छात्र थे, फिर भी उन्होंने यूक्लिड की पहली पुस्तक के 25वें प्रस्ताव के नए प्रमाण पर अपना पहला गणितीय पेपर प्रकाशित किया। मुखर्जी ने 1906 में बंगाल टेक्निकल इंस्टीट्यूट की स्थापना की, जिसे अब जादवपुर विश्वविद्यालय और 1914 में राजाबाजार साइंस कॉलेज के नाम से जाना जाता है।

उनके जीवन का अचानक अंत हो गया जब 1924 में पटना में उनका अचानक निधन हो गया। हालांकि, उन्होंने अपने पीछे एक विशाल बौद्धिक और सांस्कृतिक विरासत छोड़ी जिसका मुकाबला करना कठिन होगा। एक शौकीन ग्रंथ सूची प्रेमी, किंवदंती है कि जब सर आशुतोष ने कलकत्ता के प्रसिद्ध कॉलेज स्ट्रीट में किताबें खरीदीं, तो उन्हें घर ले जाने के लिए कुलियों को काम पर रखना पड़ा। इतना कि आज, लगभग 80,000 पुस्तकों का उनका निजी संग्रह उनके उत्तराधिकारियों द्वारा दान कर दिया गया है, और अब शहर के राष्ट्रीय पुस्तकालय में रखा हुआ है। राष्ट्र और शिक्षा के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान के बारे में हमें याद दिलाने के लिए, आशुतोष मुखर्जी की प्रतिमाएं स्टेट्समैन हाउस (कोलकाता) के बाहर और संतरागाछी केदारनाथ इंस्टीट्यूशन (हावड़ा) में स्थापित की गई हैं। आशुतोष मुखर्जी और जिनके लिए उन्होंने संघर्ष किया और जिनके लिए उन्होंने काम किया, उनका सम्मान करने और उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए, 1964 में, भारत सरकार ने एक डाक टिकट जारी किया, जिसमें महान व्यक्ति को ₹वालरस मूंछों₹ के साथ चित्रित किया गया था। जैसा कि रवीन्द्रनाथ टैगोर ने ठीक ही कहा था, ₹आशुतोष में सपने देखने का साहस था क्योंकि उनमें लड़ने की शक्ति और जीतने का आत्मविश्वास था - उनकी इच्छाशक्ति ही लक्ष्य तक पहुंचने का रास्ता थी।

## जीवन ऊर्जा

निकोल शेर्ज़िंगर : जन्म- 29 जून, 1978 — जन्म

# लक्ष्य निर्धारित करें और उन्हें पूरा करें

निकोल शेर्ज़िंगर, जिनका जन्म 29 जून, 1978 को होनोलुलु, हवाई में हुआ, एक अमेरिकी गायिका, अभिनेत्री और टेलीविज़न व्यक्तित्व हैं। उन्होंने 'डोंट चा' और बटन्सर जैसे हिट गाने रिलीज़ करके पुसीकैट डॉल्स की प्रमुख गायिका केरूप में प्रसिद्धि प्राप्त की। शेर्ज़िंगर र्द एक्स फैक्टरर और र्दमास्क्ड सिंगरर में जज भी रह चुकी हैं।





खुद को आगे बढ़ाओ, क्योंकि कोई और तुम्हारे लिए ऐसा नहीं करने वाला है। तुम जो हो उसे अपनाओ और खुदसे प्यार करो। तुम्हें खुद का सबसे अच्छा संस्करण बनना है और तुम्हें लगातार इस परकाम करना है। सफलता कोई मंजिल नहीं है, बल्कि वह रास्ता है जिस पर तुम चल रहे हो। किसी और को यह मत बताने दो कि तुमक्या कर सकते हो या क्या नहीं कर सकते। जब प्रतिभा कड़ी मेहनत नहीं करती तो कड़ीमेहनत प्रतिभा को हरा देती है। खुद के प्रति सच्चे रहो और अपने सपनों का पीछा करो।हर दिन बेहतर होने का एक नया अवसर है। अपनी क्षमताओं पर विश्वास करो और जोखिम लेनेसे मत डरो। ताकत उससे नहीं आती जो तुम कर सकते हो। यह उन चीजों पर काबू पाने सेआती है जिनके बारे में तुमने कभी सोचा था कि तुम नहीं कर सकते। सही पल का इंतजारमत करो। पल का लाभ उठाओ और उसे सही बनाओ। जो आपकी आत्मा को उत्साहित करता है,उसे पाने के लिए निडर रहें। बड़े सपने देखें,कड़ी मेहनत करें, ध्यान केंद्रित रखें और अपने आस-पास अच्छे लोगों को रखें। किसीके द्वारा आपकी कीमत न समझ पाने के आधार पर आपका मूल्य कम नहीं होता। अपने विश्वासको अपने डर से बड़ा होने दें। सफलता खुशी की कुंजी नहीं है। खुशी सफलता की कुंजीहै। वह करें जो आपको पसंद है, और बाकी सब अपनेआप हो जाएगा। आप अद्भुत चीजें करने में सक्षम हैं। कभी भी उस चीज को न छोड़ें जिसपर आप विश्वास करते हैं। लक्ष्य निर्धारित करें और उन्हें पूरा करें। अपने सपनोंकी शक्ति पर विश्वास करें। जब मुश्किलें आएं, तब भी आगे बढ़ते रहें। भविष्य की भविष्यवाणी करने का सबसेअच्छा तरीका इसे बनाना है। योद्धा बनें, चिंता करने वाले नहीं। आप जितना सोचते हैं, उससे कहीं अधिक मजबूत हैं। अपने घावों को ज्ञान में बदलें। सफलताएक यात्रा है, मंजिल नहीं। वहबदलाव बनें जो आप दुनिया में देखना चाहते हैं।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# मूर्तियों में भी होते हैं प्राण

जब सारे विश्व में एकेश्वरवाद पर आध्यात्मिक शोध चल रहे थे तब भारत में श्रीरामकृष्ण परमहंस जी जैसे विलक्षण संत 'काली मां' की मूर्ति से घंटों बातें किया करते थे।

शुरूआती दिनों में लोग उन्हें पागल समझते थे, लेकिन धीरे-धीरे लोगों को समझ आया कि रामकृष्ण जी के भीतर कुछ घट गया है, काली को भोग लगाना उनकी नियमित दिनचर्या थी। भोजन की थाली लेकर मंदिर के गर्भगृह में घुसते तो निश्चित नहीं था कि कब बाहर निकलें, एक दिन उनकी पत्नी शारदा उन्हें खोजते हुए मंदिर जा पहुंची श्रद्धालु जा चुके थे और परमहंस गर्भगृह के भीतर भोग लगा रहे थे, दरवाजे की दरार से उन्होंने अंदर झांका तो वे स्तब्ध रह गईं, साक्षात काली रामकृष्ण के हाथों से भोजन ग्रहण कर रहीं थीं। उस दिन से शारदा का जीवन बदल गया।



सनातन धर्मावलम्बियों को मूर्तियों में प्राण डालने का विज्ञान हजारों साल पहले से मालूम था। अटल श्रद्धा के उस अदृश्य महाविज्ञान ने आज तक सनातन प्रतिमाओं को जीवंत गया।

मूर्ति स्थापना के दौरान मूर्ति में वेद मंत्रों के साथ पूरे विधि-विधान से मूर्ति में प्राण-प्रतिष्ठा की जाती है। मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा के कठोर व विशेष नियम हैं। अष्टांग योग के यम-नियमों का यजमान को पूरा पालन करना पड़ता है और एक पूर्ण रूप से प्राण-प्रतिष्ठित मूर्ति के आस-पास दिव्य ऊर्जा का घेरा बना हुआ रहता है।

शास्त्र कहता है कि जिस मूर्ति को निरंतर वर्षों तक पूजा जाता है, उसमें प्राण प्रतिष्ठित हो जाते हैं। उसमें देवत्व ऊर्जा समाहित हो जाती है।

इसलिए ध्यान रहे देव मंदिरों में व मूर्ति के आस-पास मर्यादा बनाकर रखना चाहिए और घर में भी अपने मंदिर व पूजा की तस्वीरों के आस-पास विशेष साफ-सफाई व पवित्रता का ध्यान रखना चाहिए।



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

## प्रेरक प्रसंग

# लालच

एक दिन चरवाहा अपनी बकरियों को लेकर जंगल में चराने ले गया। वहा जंगल में चरवाहा को बहुत सारी जंगली बकरिया भी दिखाई दी। उसकी नियत बिगड़ गई उसने सोचा की यह जंगली बकरियों को में अपनी बकरियों के साथ में मिला लेता हु। चरवाहा जंगली बकरियों को सभी तरह से देखभाल करने लगा। जंगली बकरियों के लालच में उनकी देखभाल में इतना व्यस्त हो गया की वह अपनी बकरियों का देखभाल करना ही भूल गया। जैसे बारिश का मौसम चला गया वैसे ही



जंगली बकरिया मौका देखकर भाग गए। जब पता चला तो चारवाहा सोचने लगा कि कोई बात नही मेरी बकरियां तो मेरे पास है। अब सिर्फ मुझे अपनी बकरियों पर ही ध्यान देना होगा। पर बहुत देर हो चुकी थी, क्योंकि बकरियां बहुत कमजोर हो चुकी थी और कुछ दिनों में वे सभी बकरिया धीरे धीरे मरने लगी। उस जंगली बकरियों के चक्कर में चरवाह अपनी बकरियों से भी हाथ धो बैठा। ज्यादा लालच से इंसान के पास जो भी होता है वो भी चला जाता है।

## सुविचार



ब्रह्मांड की सारी शक्तियां पहले से हमारी हैं। वो हमी हैं, जो अपनी आंखों पर हाथ रख लेते हैं और फिर रोते हैं कि कितना अंधकार है।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# तारों को एकत्र करता है नक्षत्र

## आइए नक्षत्रों की दुनिया में लगाएं गोता



क्या आपने कभी रात के समय आसमान की ओर देखा है और तारों द्वारा बनाए गए पैटर्न के बारे में सोचा है? इन पैटर्न को नक्षत्र कहा जाता है, और ये हजारों सालों से इंसानों को आकर्षित करते रहे हैं। आइए नक्षत्रों की दुनिया में गोता लगाएँ और जानें कि आप इनमें से कुछ सबसे प्रसिद्ध नक्षत्रों को कैसे पहचान सकते हैं, साथ ही कुछ ऐसे नक्षत्र भी हैं जिनका भारत में विशेष महत्व है!

### नक्षत्र क्या हैं?

नक्षत्र तारों का एक समूह है जो आकाश में एक पहचानने योग्य पैटर्न बनाता है। ये पैटर्न अक्सर जानवरों, पौराणिक प्राणियों, लोगों या वस्तुओं से मिलते जुलते हैं। दुनिया भर की प्राचीन संस्कृतियों ने इन तारा पैटर्न के बारे में कहानियाँ और किंवदंतियाँ बनाईं। आज, खगोलविद आकाश में सितारों और अन्य खगोलीय वस्तुओं का पता लगाने में मदद के लिए नक्षत्रों का उपयोग करते हैं।

### जानने योग्य प्रसिद्ध नक्षत्र

#### 1. बिग डिपर (सप्तर्षि)

बिग डिपर, जिसे भारत में सप्तर्षि के नाम से जाना जाता है, सबसे आसानी से पहचाने जाने वाले नक्षत्रों में से एक है। यह एक बड़ी करछुल या चम्मच की तरह दिखता है और यह उर्स मेजर, द ग्रेट बियर नामक एक बड़े नक्षत्र का हिस्सा है। सप्तर्षि का नाम हिंदू पौराणिक कथाओं में सात महान ऋषियों के नाम पर रखा गया है। दो अंतिम तारे, दुभे और मेराक, सीधे उत्तरी तारे (पोलारिस) की ओर इशारा करते हैं, जो उर्स माइनर, द लिटिल बियर नामक एक अन्य नक्षत्र का हिस्सा है।

#### 2. ओरियन द हंटर

ओरियन एक और प्रसिद्ध नक्षत्र है और इसका नाम ग्रीक पौराणिक कथाओं के एक शिकारी के नाम पर रखा गया है। ओरियन को खोजना आसान है क्योंकि उसके बेल्ट में तीन चमकीले तारे हैं। एक बार जब आप ओरियन की बेल्ट पा लेते हैं, तो आप उसके कंधों और पैरों को देख सकते हैं, जो चमकीले तारों से घिरे होते हैं। सर्दियों में, ओरियन रात के आसमान में दिखाई देता है और आपको टॉरस द बुल और कैनिस मेजर जैसे अन्य नक्षत्रों का पता लगाने में मदद कर सकता है, जिसमें रात के आसमान का सबसे चमकीला तारा सिरियस शामिल है।

#### 3. कैसिओपिया द क्वीन

कैसिओपिया एक ऐसा तारामंडल है जो एक बड़े, झुके हुए "W" या "M" जैसा दिखता है। यह ग्रीक पौराणिक कथाओं की एक रानी का प्रतिनिधित्व करता है जो बहुत घमंडी थी। कैसिओपिया उत्तरी गोलार्ध में पूरे साल दिखाई देता है। इसका विशिष्ट आकार इसे पहचानना आसान बनाता है और तारों को देखने के लिए एक बढ़िया शुरुआती बिंदु है।

### नक्षत्रों को कैसे खोजें

नक्षत्रों को खोजना एक मज़ेदार और फायदेमंद गतिविधि हो सकती है। शुरू करने में आपकी सहायता के लिए यहां कुछ सुझाव दिए गए हैं:

**एक साफ़ रात चुनें:** एक ऐसी रात चुनें जब आसमान साफ़ हो और बादल न हों।

**एक अंधेरा स्थान खोजें:** शहर की रोशनी से दूर किसी जगह पर जाएँ, जैसे कि पार्क या आपके घर पिछवाड़ा।

**एक स्टार मैप या ऐप का उपयोग करें:** एक स्टार मैप या स्मार्टफ़ोन ऐप आपको नक्षत्रों की पहचान करने में मदद कर सकता है। स्काईव्यू या स्टार वॉक जैसे ऐप आपको सितारों और नक्षत्रों के नाम और आकार देखने के लिए अपने फ़ोन को आकाश की ओर इंगित करने देते हैं।

**आसान लोगों से शुरू करें:** ऐसे नक्षत्रों से शुरू करें जिन्हें ढूंढना आसान हो, जैसे कि सप्तऋषि या ओरियन। एक बार जब आप उन्हें ढूंढ लेते हैं, तो आप उन्हें दूसरों को खोजने के लिए संदर्भ बिंदु के रूप में उपयोग कर सकते हैं।

### क्षत्रों के बारे में मजेदार तथ्य

**मौसमी परिवर्तन:** जैसे-जैसे पृथ्वी सूर्य की परिक्रमा करती है, रात का आकाश बदलता है, और अलग-अलग मौसमों में अलग-अलग नक्षत्र दिखाई देते हैं। उदाहरण के लिए, सर्दियों में ओरियन दिखाई देता है, जबकि गर्मियों में स्कॉर्पियस दिखाई देता है।

**88 आधिकारिक नक्षत्र:** अंतर्राष्ट्रीय खगोलीय संघ (IAU) द्वारा आधिकारिक तौर पर मान्यता प्राप्त 88 नक्षत्र हैं। ये नक्षत्र पूरे आकाश को कवर करते हैं।

**सांस्कृतिक अंतर:** अलग-अलग संस्कृतियों के अपने नक्षत्र और कहानियां हैं। उदाहरण के लिए, हिंदू पौराणिक कथाओं में बिग डिपर को सप्तऋषि के रूप में जाना जाता है और यह सात महान ऋषियों से जुड़ा हुआ है।

### तारों को देखने की

### गतिविधि

**यहां एक मजेदार गतिविधि है:** अपना खुद का नक्षत्र बनाएं! कुछ काला कागज़ और सफ़ेद चाक या स्टिकर लें। एक नए नक्षत्र की कल्पना करें, सितारों को बनाएं, और उन्हें जोड़कर एक आकृति बनाएं। अपने नक्षत्र को एक नाम दें और उसके बारे में एक कहानी बनाएं। अपने बनाए गए सृजन को दोस्तों और परिवार के साथ साझा करें!

नीलम रामअवध

## चुटकुले

मास्टर जी – सबसे ज्यादा नशा किसमें होता है?
चिंटू – किताब में।
मास्टर जी – कैसे?
चिंटू – क्योंकि किताब खोलते ही नींद आ जाती है।

चिंटू और पप्पू आपस में बातें कर रहे थे।
चिंटू – क्या तुम चीनी भाषा पढ़ कर सुना सकते हो?
पप्पू – हां, लेकिन तभी जब वह हिंदी या अंग्रेजी में लिखी हुई हो।

चिंटू – पप्पू, जरा अपनी साइकिल आज मुझे देना।
पप्पू – नहीं।
चिंटू – अगर मुझे साइकिल नहीं दोगे, तो मेरा दिल खट्टा हो जाएगा।
पप्पू ने झट से बोला – तो चीनी खा लेना।

पापा – चिंटू, आज तुम स्कूल क्यों नहीं जा रहे हो?
चिंटू – पापा, कल स्कूल में हमें तौला गया था और क्या पता आज बेच ही न दें।

मास्टर जी – बताओ, कुतुब मीनार कहां है?
चिंटू – पता नहीं।
मास्टर जी – फिर बेंच पर खड़े हो जाओ।
चिंटू बेंच पर खड़ा हो जाता है और कुछ देर बाद कहता है, मास्टर जी यहां से भी नहीं दिख रहा है।

मास्टर जी – एक तरफ पैसा और दूसरी तरफ अक्ल बताओ चिंटू तुम क्या चुनोगे?
चिंटू – पैसा
मास्टर जी – गलत, मैं तो अक्ल चुनता।
चिंटू – आपकी बात भी सही है, क्योंकि जिसके पास जो चीज नहीं होगी, वो वही चुनेगा।

## बगुला और केकड़ा की कहानी



यह कहानी है एक जंगल की जहां एक आलसी बगुला रहा करता था। वह इतना आलसी था कि कोई काम करना तो दूर, उससे अपने लिए खाना ढूंढने में भी आलस आता था। अपने इस आलस के कारण बगुले को कई बार पूरा-पूरा दिन भूखा रहना पड़ता था। नदी के किनारे अपनी एक टांग पर खड़े-खड़े दिन भर बगुला बिना मेहनत किए खाना पाने की युक्तियां सोचा करता था।

एक बार की बात है, जब बगुला ऐसी ही कोई योजना बना रहा था और उसे एक आइडिया सूझा। तुरंत ही वह उस योजना को सफल बनाने में जुट गया। वह नदी के किनारे एक कोने में जाकर खड़ा हो गया और मोटे-मोटे आंसू टपकाने लगा। उसे इस प्रकार रोता देख केंकड़ा उसके पास आया और उससे पूछा, "अरे बगुला भैया, क्या बात है? रो क्यों रहे हो?" उसकी बात सुनकर बगुला रोते-रोते बोला, "क्या बताऊं केंकड़े भाई, मुझे अपने किए पर बहुत पछतावा हो रहा है। अपनी भूख मिटाने के लिए मैंने आज तक न जाने कितनी मछलियों को मारा है। मैं कितना स्वार्थी था, लेकिन आज मुझे इस बात का एहसास हो गया है और मैंने यह वचन लिया है कि अब मैं एक भी मछली का शिकार नहीं करूंगा।"

बगुले की बात सुन कर केंकड़े ने कहा, "अरे ऐसा करने से तो तुम भूखे मर जाओगे।" इस पर बगुले ने जवाब दिया, "किसी और की जान लेकर अपना पेट भरने से तो भूखे पेट मर जाना ही अच्छा है, भाई। वैसे भी मुझे कल त्रिकालीन बाबा मिले थे और उन्होंने मुझसे कहा कि कुछ ही समय में 12 साल के लिए सूखा पड़ने वाला है, जिस कारण सब मर जाएंगे।" केंकड़े ने जाकर यह बात तालाब के सभी जीवों को बता दी।

"अच्छा," तालाब में रहने वाले कछुए ने चौंक कर पूछा, "तो फिर इसका क्या हल है?" इस पर बगुले भगत ने कहा, "यहां से कुछ कोस दूर एक तालाब है। हम सभी उस तालाब में जाकर रह सकते हैं। वहां का पानी कभी नहीं सूखता। मैं एक-एक को अपनी पीठ पर बैठा कर वहां छोड़कर आ सकता हूं।" उसकी यह बात सुनकर सारे जानवर खुश हो गए।

अगले दिन से बगुले ने अपनी पीठ पर एक-एक जीव को ले जाना शुरू कर दिया। वह उन्हें नदी से कुछ दूर ले जाता और एक चट्टान पर ले जाकर मार डालता। कई बार वह एक बार में दो जीवों को ले जाता और भर पेट भोजन करता। उस चट्टान पर उस जीवों की हड्डियों का ढेर लगने लगा था। बगुला अपने मन में सोचा करता था कि दुनिया भी कैसे मूर्ख है। इतनी आसानी से मेरी बातों में आ गए।

ऐसा कई दिनों तक चलता रहा। एक दिन केंकड़े ने बगुले से कहा, "बगुला भैया, तूम हर रोज किसी न किसी को ले जाते हो। मेरा नंबर कब आएगा?" तो बगुले ने कहा, "ठीक है, आज तुम्हें ले चलता हूं।" यह कहकर उसने केंकड़े को अपनी पीठ पर बिठाया और उड़ चला।

जब वो दोनों उस चट्टान के पास पहुंचे, तो केंकड़े ने वहां अन्य जीवों की हड्डियां देखी और उसका दिमाग दौड़ पड़ा। उसने तुरंत बगुले से पूछा कि ये हड्डियां किसकी हैं और जलाशय कितना दूर है? उसकी बात सुनकर बगुला जोर जोर से हंसने लगा और बोला, "कोई जलाशय नहीं है और ये सारी तुम्हारे साथियों की हड्डियां हैं, जिन्हें मैं खा गया। इन सभी हड्डियों में अब तुम्हारी हड्डियां भी शामिल होने वाली हैं।"

उसकी यह बात सुनते ही केंकड़े ने बगुले की गर्दन अपने पंजों से पकड़ ली। कुछ ही देर में बगुले के प्राण निकल गए। इसके बाद, केंकड़ा लौट कर नदी के पास गया और अपने बाकी साथियों को सारी बात बताई। उन सभी ने केंकड़े को धन्यवाद दिया और उसकी जय जयकार की।

कहानी से सीख

इस कहानी से हमें यह सीख मिलती है कि हमें आंख बंद करके किसी पर विश्वास नहीं करना चाहिए। मुसीबत के समय भी संयम और बुद्धिमानी से काम करना चाहिए।

## राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष:** मानसिक शांति के लिए किए गए प्रयास सफल रहेंगे। कोर्ट-कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। प्रसन्नता रहेगी। किसी धार्मिक यात्रा की योजना बनेगी।

**वृष:** वाहन व मशीनरी इत्यादि के प्रयोग में लापरवाही न करें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। दूसरों के कार्य में हस्तक्षेप न करें। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**मिथुन:** कार्यक्षेत्र के लिए नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। बिगड़े काम बन सकते हैं। समाजसेवा करने का मन बनेगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। व्यस्तता रहेगी। आराम का समय नहीं मिलेगा।

**कर्क:** व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**सिंह:** समाजसेवा करने की प्रेरणा प्राप्त होगी। मान-सम्मान मिलेगा। खोई हुई वस्तु मिलने के योग हैं। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी। शत्रु सक्रिय रहेंगे।

**कन्या:** शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कारोबार अच्छा चलेगा। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। किसी आनंदोत्सव में भाग ले सकते हैं।

**तुला:** किसी तरह से बड़ा लाभ होने की संभावना है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। किसी तरह के विवाद में विजय प्राप्त होगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**वृश्चिक:** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। थकान व कमजोरी रह सकती है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। दूसरों से अधिक अपेक्षा न करें। बेवजह चिड़चिड़ापन रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**धनु:** भावना में बहकर महत्वपूर्ण निर्णय न लें। नौकरी में कार्यभार रहेगा। लाभ होगा। स्वास्थ्य के संबंध में लापरवाही न करें। स्वास्थ्य पर व्यय होगा। दुःखद समाचार मिल सकता है। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। कुसंगति से हानि होगी।

**मकर:** मनपसंद व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग अपने कार्य उत्साह व लगन से कर पाएगा। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। धन प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। प्रमाद न करें।

**कुंभ:** घर, दुकान, फैक्टरी व शोरूम इत्यादि के खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। कारोबार में बड़ा लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। रुके काम बनेंगे। घर-बाहर उत्साह व प्रसन्नता से काम कर पाएंगे।

**मीन:** प्रसन्नता का वातावरण निर्मित होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल बनेगी। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। निवेश शुभ रहेगा।

## जीवनसाथी से अलग लोग क्या दुबारा साथ रहना चाहते हैं?

कभी-कभी पति-पत्नी दोनों किसी न किसी कारण से गलत फहमी पैदा होने, एक दूसरे से सहयोग न मिलने और आपस में तालमेल अच्छे से न बनने आदि किसी भी वजह से अलग अलग रहने लगते हैं। जिसमें पति या पत्नी दोनों में से एक तो साथ रहना चाहता है लेकिन एक साथ नहीं रहना चाहता तो क्या ऐसी स्थिति में साथ रह पाएंगे, विवाह सबन्ध/वैवाहिक जीवन ठीक हो पाएगा/दोबारा से एक साथ रह पाएंगे या नहीं आदि आज इसी बारे में बात करते हैं।

कुंडली का 7वा भाव शादी/विवाह-वैवाहिक जीवन और पति/पत्नी का है। जब इस भाव और इस भाव स्वामी की स्थिति पीड़ित और अशुभ होगी या पाप ग्रहों से पीड़ित होगी या होती है तब ऐसे पति पत्नी अलग हो जाते हैं या रहने लगते हैं/दोनों में से एक साथ नहीं रहना चाहता और एक चाहता है या दोनों अलग-अलग हैं। पर क्या साथ नहीं रह सकते। एक साथ नहीं रहने, आपस में न बनने की वजह से आदि यह सब सातवें भाव और भाव स्वामी पर पीड़ित और अशुभ होने के साथ शनि राहु केतु मंगल और 12वें भाव के अशुभ प्रभाव हैं। तब ऐसी स्थिति होती है, लेकिन 7वां भाव और 7वें भाव स्वामी बलवान है शुभ भी है और गुरु शुक्र बुध या कुंडली के अच्छे भाव स्वामी से सम्बन्ध में है। भावों में विवाह ग्रह है तब पति पत्नी एक होकर वापस साथ हो जाएंगे और वैवाहिक जीवन में भी अच्छा सुधार उपाय समय रहते हो जाएगा, जैसे ही शुभ फल देने वाले ग्रहो की दशाएंआएगी। अब कुछ उदाहरणों से समझते हैं कैसे पति पत्नी क्या साथ रह पाएंगे,



जिस भी कारण से लड़ाई- झगड़ा, मतभेद, या अन्य कारण से अलग हुए हैं। आपस में बन रही है तो कैसे दोबारा साथ रहने की स्थिति है, तो कब तक आदि?

मेष लग्न में विवाह-वैवाहिक जीवन स्वामी, 7वें भाव स्वामी ग्रह शुक्र है अब शुक्र और 7वां भाव यहां पूरी तरह से अशुभ राहु से पीड़ित है। तब गलत फ़हमियों की वजह आदि कारण से पति-पत्नी सम्बन्ध खराब होने से अलग रहने लगते हैं, लेकिन यही शुक्र बलवान है और गुरु से 7वां भाव और शुक्र सम्बन्ध में है। केंद्र त्रिकोण या अच्छे भाव में तब पति पत्नी का मिलान वापस दोबारा हो जाएगा और शादी और वैवाहिक संबंध दोनों के बीच सही रहने लगेगा भाग्य स्वामी गुरु के सहयोग से।

कन्या लग्न में यहां 7वें भाव विवाह स्वामी गुरु है अब गुरु को यहां शनि मंगल ने पीड़ित कर रखा है तब लड़ाई झगड़े के कारण मतभेद होने से पति पत्नी अलग रहने की स्थिति बन जाएगी लेकिन अब विवाह स्वामी गुरु यहां बलवान होकर 7वें भाव को देख रहा है या बलवान और शुभ होकर शुक्र चन्द्र बुध जैसे ग्रहों के साथ है तब समय रहते हैं उपाय करने से या शुभ फल देने वाले ग्रहों का ग्रह दशा(समय)आने पर पति-पत्नी दोनों सम्बन्ध सुधार करने की कोशिश करके साथ रहने लगेंगे।

यहां 7वें भाव विवाह स्वामी शुक्र है शुक्र और 7वें भाव पर शनि की दृष्टि आदि का अशुभ प्रभाव है। तब पति-पत्नी के बीच दूरियां होकर अलग रहने की स्थिति बनेगी लेकिन शुक्र और 7वां भाव बलि होकर शुभ स्थान में है या गुरु चन्द्र जैसे ग्रहों से सम्बन्ध में है, तब पति पत्नी वापस एक होकर साथ रहने लगेंगे। जैसे ही विवाह को ठीक करने वाले ग्रहों का समय आएगा। उपाय करने से ऐसी स्थिति में विवाह जल्दी ठीक होकर पति-पत्नी ज्यादा अच्छे से दोबारा साथ में रह पाएंगे।



प्रियंका जैन
9769994439

**खबर संक्षेप**

## नक्सलियों के खिलाफ बड़ी सफलता

**खूंटी।** झारखंड की खूंटी पुलिस को नक्सलियों के खिलाफ शुक्रवार को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पीएलएफआई के नवनियुक्त एरिया कमांडर आंद्रियास कंडुलना समेत दो नक्सलियों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया है। आंद्रियास कंडुलना के खिलाफ पश्चिमी सिंहभूम जिले के बंदगांव व टेबो थाने में आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें आर्म्स एक्ट भी शामिल है। इसकी जानकारी एसपी अमन कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी। प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई का नवनियुक्त एरिया कमांडर आंद्रियास कंडुलना उर्फ तूफान अपने सहयोगी निमुस कंडीर उर्फ मास्टर जी के साथ खूंटी पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने इनके पास से देसी पिस्टल, कारतूस, मोबाइल, मोटरसाइकिल और पीएलएफआई का पर्चा बरामद किया है।

## हत्या के दोषी पिता और दादा को उम्रकैद

**औरंगाबाद।** बिहार के औरंगाबाद में बेटी के प्रेम प्रसंग से नाराज होकर उसकी हत्या करनेवाले पिता और उसके दादा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। घटना मदनपुर थाना क्षेत्र के मंझार गांव में हुई थी। औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय में एडीजे-3 सुनील कुमार सिंह ने मदनपुर थाना कांड संख्या- 216/22 में सजा के बिंदु पर सुनवाई की। अदालत ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बहुआरा गांव निवासी मृतका के पिता राजा राम और उसके दादा कैलाश राम को भादंवि धारा 302/34 में आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने उम्रकैद के अलावा 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। जुर्माना नहीं देने पर एक साल का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। भादंवि धारा 201/34 में चार साल की सजा और 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। जुर्माना नहीं देने पर छह महीने का अतिरिक्त कारावास होगा। अदालत ने कहा कि सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। मृतका की मां कांति देवी ने बताया कि उनकी पुत्री का प्रेम प्रसंग रिश्तेदारी में ही युवक के साथ चल रहा था। इसी बात से नाराज होकर उसके पिता और दादा ने 6 मई 2022 को लड़की को घर से बाहर ले जाकर उसकी हत्या कर दी।

## सुल्तानगंज में ठहरेगी भागलपुर रूट की सभी ट्रेनें

सुल्तानगंज। श्रावणी मेला को लेकर मालदा रेल डिवीजन भी तैयारी में जुटा है। इसी क्रम में डीआरएम विकास चौबे ने गुरुवार को भागलपुर व सुलतानगंज रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण किया। अमृत भारत योजना से बन रहे स्टेशन भवन, आरपीएफ बैरक, मेला भवन, मेला शेड का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। डीआरएम विकाश चौबे का कहना है कि श्रावणी मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जायेगी। इसको लेकर स्टेशन परिसर में शौचालय, पानी के इंतजाम, पार्किंग स्थल, सुरक्षा व्यवस्था के इंतेजाम का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष मिलनेवाली सुविधा व सुरक्षा में विस्तार किया जा रहा है।

# झारखंड हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद रिहा हुए हेमंत सोरेन

**एजेंसी । रांची**

झारखंड हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद हेमंत सोरेन की जेल से भी रिहाई हो गई। जेल से रिहा होने के बाद उन्होंने कहा कि एक सुनियोजित साजिश के तहत उन्हें जेल भेजा गया था। झूठे और मनगढ़ंत आरोपों में उनको 5 महीने तक जेल में बंद रखा गया।



### 5 माह जेल में रहा, यह झारखंड के भाई-बहनों के लिए चिंता की बात

कोर्ट ने आज न्याय किया है। 5 महीने बाद जेल से बाहर आया हूं। मैं इतने दिनों तक जेल में रहा, यह झारखंड के भाई-बहनों के लिए चिंता की बात है। आज पूरा देश जानता है कि मैं क्यों जेल में था। सरकार के खिलाफ आवाज उठाने वाले लोगों को आज जेल में डाल दिया जा रहा है। पत्रकारों को जेल भेज दिया जाता है।

### सरकार का विरोध करने वालों को भेजा जा रहा है जेल

झामुमो नेता हेमंत सोरेन ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री जेल में बंद हैं। मंत्रियों को जेल भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि न्याय की प्रक्रिया लंबी हो रही है। न्याय होने में दिन, महीनों नहीं बल्कि साल लग जा रहे हैं। जो लोग अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं, उनके काम को बाधित किया जा रहा है।

### अब मैं जेल से बाहर हूं, झारखंड की जनता के बीच हूं : हेमंत सोरेन

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता ने कहा कि मैं अब जेल से बाहर आ चुका हूं। एक बार फिर झारखंड की जनता के बीच में हूं। उन्होंने कहा कि हमने जो लड़ाई छेड़ी थी। हमने जो संकल्प लिया था, उसको मुकाम तक पहुंचाएंगे। हेमंत सोरेन ने झारखंड हाईकोर्ट के फैसले पर कहा कि यह एक संदेश है। यह पूरे देश के लिए संदेश है कि कैसे मुझे इतने दिनों तक जेल में बंद रखा गया।

### मेरे खिलाफ षड्यंत्र रचा गया, कोर्ट के फैसले की समीक्षा करें पत्रकार

हेमंत सोरेन ने बार-बार कहा कि उनके खिलाफ षड्यंत्र रचा गया। उन्होंने कहा कि कोर्ट ने अपने आदेश में जो बातें कहीं हैं, पत्रकारों को जरूर पढ़ना चाहिए। उन्हें इस फैसले की समीक्षा करनी चाहिए। साथ ही जनता को इसके बारे में बताना चाहिए। वह खुद अपने मुंह से इस बारे में कुछ नहीं कहेंगे। हेमंत सोरेन से आगे की रणनीति के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि रणनीति बता देंगे, तो फिर आगे काम कैसे होगा।

# चार साइबर अपराधी गिरफ्तार

**एजेंसी । गिरिडीह**

गिरिडीह से चार साइबर अपराधी पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। इनके पास से पुलिस ने चार पहिया वाहन समेत अन्य सामान बरामद किए हैं। साइबर अपराधी फर्जी बैंक अधिकारी बनकर मातृत्व लाभ की राशि दिलाने के नाम पर गर्भवती महिलाओं से ठगी करते थे। प्रतिबिंब पोर्टल पर इसकी खबर मिलने के बाद छापेमारी की गयी और साइबर अपराधियों को दबोचा गया। गिरिडीह के एसपी दीपक कुमार शर्मा ने प्रेस वार्ता कर शुक्रवार को जानकारी दी। गिरिडीह पुलिस ने जिन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है, उनमें बेंगाबाद थाना क्षेत्र के रघाईडीह का सनफराज अंसारी, हीरोडीह थाना क्षेत्र के करमाटांड़ का कमरूद्दीन अंसारी, ताराटांड़ थाना क्षेत्र के जबरदाहा का रंजीत कुमार मंडल और प्रमेश्वर कुमार मंडल शामिल हैं। इन चारों साइबर अपराधियों के पास से पुलिस ने 6 मोबाइल, 8 सिमकार्ड, 1 पासबुक, 2 एटीएम कार्ड, एक मारुति सुजुकी स्विफ्ट डिजायर कार, 1 पैनकार्ड और 1 आधार कार्ड बरामद किया है।

**अजब गजब उत्तर प्रदेश**

# बारात लेकर प्रेमी के घर पहुंची तीन बच्चों की मां

**एजेंसी । सोनभद्र**

यूपी के सोनभद्र में रायपुर थाना क्षेत्र के पनिकप खुर्द गांव में लव, सेक्स और धोखा का अजब मामला सामने आया है। यहां एक युवक ने शादीशुदा तीन बच्चों की मां के साथ घर बसाने का वादा कर पहले संवंध बनाया, फिर अपनी बात से मुकर गया। युवक ने बारात लाने से इनकार किया तो तीन बच्चों की मां हाथ में सिंदूर लेकर खुद दुल्हन



बनी और बैंड बाजा के साथ बारात लेकर प्रेमी के घर पहुंच गई। इस तरह से एक दुल्हन को बारात संग देखकर लोग हैरान रह गए। प्रेमी के घर के पास भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस उसे अपने साथ थाने लेकर जाने की कोशिश करने लगी तो वह अड़ गई। कहा अब तो शादी करके ही यहां से जाएंगे। उसने पुलिस के सामने ही मीडिया को अपनी और युवक की पूरी प्रेम कहानी भी सुनाई। बताया कि दोनों कैसे मिले और किस तरह से अश्लील वीडियो बनाकर उसे प्रेमी से पहले अपने साथ संबंध बनाने के लिए मजबूर किया। इसके बाद विंध्याचल में जाकर शादी भी की लेकिन फिर मुकर गया।

### क्या है मामला ?

रायपुर थाना क्षेत्र के सुअरसोता गांव निवासिनी युवती की शादी लगभग पन्द्रह साल पहले घोरावल क्षेत्र के एक गांव में हुई थी। लगभग दस वर्षों से वह राबर्टसगंज में निजी मकान में रहती है। उसका पति शराब की दुकान पर सेल्स मैन की नौकरी करता है। पनिकप खुर्द गांव निवासी एक युवक से 2015 में उसकी आंखें लड़ीं और दोनों एक दूसरे के लिए दीवाना हो गए। इस बीच दोनों के बीच संबंध भी बनने लगे। प्रेमिका के अनुसार प्रेमी ने विंध्याचल में उससे शादी भी की। दोनों के बारे में जानकारी जब प्रेमिका के पति को हुई तो घर में विवाद होने लगा। तब प्रेमिका पति का घर छोड़कर मायके पनिकप खुर्द में रहने लगी। वहां भी प्रेमी युवक उससे बराबर मिलता रहा। इसी बीच प्रेमिका जब प्रेमी पर अपने घर लेकर चलने और सभी के सामने शादी के लिए दबाव बनाया तो प्रेमी इनकार करने लगे। इस बीच युवती का अश्लील वीडियो भी बना लिया और वायरल करने की धमकी देता रहा। इससे तंग होकर प्रेमिका एक सप्ताह पहले रायपुर थाने पहुंची और प्रेमी के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस शादी कराने की बजाय दोनों के बीच सुलह-समझौता कराने में लगी रही। पुलिस के रवैए से खिन्न प्रेमिका पुलिस कप्तान और अधिकारियों के यहां भी पहुंची। कहीं से कुछ राहत नहीं मिली तो शुक्रवार की दोपहर शादी के जोड़े में हाथ में सिंदुर और बैण्डबाजा के साथ बारात लेकर प्रेमी के घर सुअरसोता गांव पहुंच गई। यह देख गांव में हड़कंप मच गया। प्रेमिका को देख प्रेमी के घर वाले अंदर से दरवाजा बंद कर घर में पड़े रहे। कुछ देर बाद मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने प्रेमिका को काफी समझाया, लेकिन उसका कहना है कि हमारे नाम खलियारी का मकान लिखेंगे तब मैं शादी करुंगी या नब्बे लाख रुपए दें। वहीं प्रेमिका का अभी पहले पति से तलाक भी नहीं हुआ है। रायपुर थाने के इंस्पेक्टर श्याम बिहारी प्रेमिका को काफी समझाया लेकिन वह मानने को तैयार नहीं हुई। तब पुलिस दोनों पक्षों को थाने उठा ले गई। समाचार लिखे जाने तक कोई निर्णय नहीं हो पाया था।

# फसलों की सुरक्षा को लेकर योगी सरकार का नया कदम

**एजेंसी । लखनऊ**

फूड बास्केट ऑफ इंडिया के तौर पर देश-दुनिया में उत्तर प्रदेश की पहचान को प्रशस्त कर रही योगी सरकार ने अब यूपी के किसानों की फसलों की सुरक्षा को लेकर एक नया कदम उठाने जा रही है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत अब प्रदेश में यील्ड एस्टिमेशन सिस्टम बेस्ड ऑन टेक्नोलॉजी (यस-टेक) को लागू करने की प्रक्रिया शुरू करने जा रही है। इसके तहत रीस्ट्रक्चर्ड वेदर बेस्ड क्रॉप इंश्योरेंस स्कीम के अंतर्गत फसलों की मॉनिटरिंग और रखरखाव की प्रक्रिया को दुरुस्त करने की दिशा में भी योगी सरकार ने कदम बढ़ा दिए हैं। बतादें कि फसलों को मौसमी आपदाओं से बचाने, किसानों को फसलों का बीमा उपलब्ध कराने और ग्राम पंचायत स्तर पर फसलों के निरीक्षण की प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाने के लिए योगी सरकार ने एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार कराई थी। अब इसी कार्ययोजना को ध्यान में रखते हुए कृषि विभाग ने प्रदेश में यस टेक को लागू करने के लिए टेक्नोलॉजी इंप्लिमेंटेशन पार्टनर (टीआईपी) की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## 75 जिलों के किसानों तक लाभ पहुंचाने की तैयारी

### 75 जिलों में प्रक्रिया को लागू करने की तैयारी

कृषि विभाग ने प्रदेश के 75 जिलों में रबी व खरीफ सीजन की फसलों से संबंधित आंकड़ों के संकलन को लेकर इस प्रक्रिया की शुरुआत की है। यस-टेक प्रक्रिया के जरिए आरडब्ल्यूबीसीआईएस को लागू करने में मुख्यत: गेहूं व धान की फसलों पर फिलहाल फोकस किया जा रहा। इस दौरान वर्ष 2023-24, 2024-25 व वर्ष 2025-26 के आंकड़ों का संकलन किया जाएगा। इन आंकड़ों को यस टेक मैनुअल-2023 के आधार पर संकलित किया जाएगा। मॉड्यूल के विकास के बाद अन्य बीमित फसलों को भी इससे जोड़ा जा सकता है। प्रक्रिया के अंतर्गत कुल 5 सीजन के एसेसमेंट पीरियड के हिसाब से रिपोर्ट को तैयार किया जाएगा जिसमें मिड सीजन रिपोर्ट (एमएसआर) व एंड सीजन रिपोर्ट (ईएसआर) का भी संकलन किया जाएगा। इन सभी प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए टीआईपी द्वारा मशीन लर्निंग व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉड्यूल को कार्य में लाया जाएगा।

### ग्राम पंचायत स्तर पर फसलों की बीमा प्रक्रिया को मिलेगा बल

प्रधानमंत्री फसल बीमा का लाभ सभी किसानों को मिले इस उद्देश्य से सीएम योगी की मंशा अनुरूप सभी जिलों में फसलों को ग्राम पंचायत स्तर पर बीमित करने और किसानों को बीमा कवर उपलब्ध कराने पर जोर दिया जा रहा है। वहीं, पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के जरिए भी किसानों को लाभान्वित किए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस प्रक्रिया में बीमित खरीफ फसल के तौर पर केला, मिर्च व पान तथा रबी फसल के तौर पर टमाटर, शिमला मिर्च, हरी मटर व आम को वरीयता दी गई है। केले के लिए 30 जून, मिर्च के लिए 31 जुलाई, पान के लिए 30 जून, टमाटर के लिए 30 नवम्बर, शिमला मिर्च के लिए 30 नवम्बर, हरी मटर के लिए 30 नवम्बर तथा आम के लिए फसलवार बीमा कराने की अंतिम तिथि 15 दिसम्बर निर्धारित की गई है।



**व्यापार जगत**

# शेयर बाजार में रिकॉर्डतोड़ तेजी का दौर थमा

**एजेंसी । मुंबई**

वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुझान के बावजूद स्थानीय स्तर पर शुक्रवार को बैंक, वित्त एवं प्रौद्योगिकी शेयरों में मुनाफावसूली आने के कारण पिछले चार सत्रों से जारी तेजी का दौर थम गया। दोनों ही मानक सूचकांक हल्की गिरावट के साथ बंद हुए। इसके साथ ही पिछले तीन दिनों से हर रोज सेंसेक्स और निफ्टी के नया रिकॉर्ड बनाने का सिलसिला भी थम गया। गुरुवार को सेंसेक्स पहली बार 79,000 और निफ्टी 24,000 के स्तर के पार बंद हुए थे।
सेंसेक्स 210।45 अंक गिरकर 79,032।73 पर बंद हुआ। हालांकि शुरुआती कारोबार में यह 428।4 अंक उछलकर 79,671।58 के नए रिकॉर्ड शिखर पर पहुंच गया था। लेकिन दोपहर के सत्र में बिकवाली शुरू होने के बाद यह दबाव में आ गया। निफ्टी भी 33।90 अंक यानी 0।14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,010।60 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 129।5 अंक चढ़कर 24,174 के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। लेकिन बाद में मुनाफावसूली का जोर रहने से इसे गिरावट का सामना करना पड़ा। इसके साथ दोनों ही सूचकांक लगातार चार सत्रों से जारी तेजी को गंवा बैठे।

### पिछले चार कारोबारी दिनों में सेंसेक्स में 2।63 प्रतिशत का उछाल



पिछले चार कारोबारी दिनों में सेंसेक्स में कुल 2,033।28 अंक यानी 2।63 प्रतिशत का उछाल आया था। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, कोटक महिंद्रा बैंक, मारुति, जेएसडब्ल्यू स्टील और बजाज फिनसर्व के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। इसके विपरीत रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा मोटर्स, एशियन पेंट्स, नेस्ले और टाइटन सबसे ज्यादा लाभ में रहीं।

### रिलायंस का बाजार पूंजीकरण 21 लाख करोड़ के पार

रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में शुक्रवार को दो प्रतिशत से अधिक की तेजी आई और कंपनी का बाजार मूल्यांकन 21 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। बीएसई में कंपनी का शेयर 2।31 प्रतिशत की तेजी के साथ 3,131।85 रुपये पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 3।27 फीसदी की तेजी के साथ 3,161।45 रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। बाजार पूंजीकरण के हिसाब से रिलायंस इंडस्ट्रीज देश की सबसे मूल्यवान कंपनी है। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर बीएसई में इस साल 21।16 प्रतिशत चढ़ चुका है।

समय पर रिफंड जारी न होने को लेकर मिल रही शिकायतों के बीच जारी किए दिशा-निर्देश

# रिफंड मिलने में हो रही देरी तो करें आवेदन

**एजेंसी । नई दिल्ली**

ऐसे करदाता जिन्हें किसी कारण से रिटर्न भरने के बाद भी समय पर रिफंड नहीं मिल पा रहा है। उन सभी करदाताओं के लिए आयकर विभाग ने आवेदन की प्रक्रिया जारी की है। आयकर विभाग का कहना है कि बड़ी संख्या में लोगों की शिकायतें मिल रही हैं कि उन्हें समय पर रिफंड पाने में परेशानी हो रही है। मेल व अन्य माध्यम से शिकायतें प्राप्त हो रही है। इसलिए रिफंड को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।




### कर सकते हैं आनलॉइन आवेदन

अब करदाता रिफंड पाने के लिए आनलॉइन आवेदन कर सकते है, जिसके बाद उन्हें निर्धारित समय पर रिफंड मिल सकेगा। आवेदन के लिए करदाताओं को ई-फाइलिंग पोर्टल के सर्विस मैन्यू में जाकर रिफंड रिइश्यू ऑप्शन का चयन करना होगा। इसके बाद उस रिकॉर्ड का चयन (रिटर्न) करना होगा, जिसके आधार पर करदाता रिफंड मांग रहा है। फिर करदाता को उस बैंक खाते का चयन करना होगा, जिसमें करदाता रिफंड से जुड़ी धनराशि का भुगतान चाहता है। इसके बाद पोर्टल पर वेरिफिकेशन का ऑप्शन खुलकर आएगा। उस पर क्लिक करने के बाद आधार से संलग्न मोबाइल नंबर पर ओटीपी आएगा। ओटीपी को डालने के बाद डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट भी अपलोड करना होगा। अंत में कंटीन्यू (आगे) के विकल्प पर क्लिक करेंगे तो पंजीकृत मोबाइल नंबर पर मैसेज प्राप्त होगा, जिसमें आपकी आवेदन संख्या व अन्य विवरण दिया होगा। आयकर विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी कहते हैं कि हर मुख्य आयुक्त स्तर के कार्यालय पर रिफंड के मामलों को देखने के लिए अगल से टीम बैठाई गई है जो आवेदन और रिटर्न के दस्तावेजों का आंकलन करके रिफंड जारी करने में मदद करेगी। अगर रिटर्न से जुड़े दस्तावेजों के आधार पर रिफंड धनराशि नहीं बन रही है तो उसकी जानकारी भी आयकरदाता को एक निर्धारित समय में उपलब्ध कराई जाएगी।

# मशहूर प्रोड्यूसर सिद्धार्थ रॉय कपूर टोइफा 2023 को किया रीलॉन्च

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

मिस्टर शिवाकुमार सुंदरम और बेनेट, कोलमैन एंड कंपनी लिमिटेड के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर, सिद्धार्थ रॉय कपूर, और शिबाशीष सरकार ने टोइफा ओटीटी एडिशन 2023 के प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। टोइफा अवॉर्ड्स की घोषणा की गई है। जिसमें इस बार नए एडिशन का फॉक्स स्ट्रीमिंग सर्विसेज ओटीटी पर है। टोइफा एडिशन का खास मकसद हिंदी फिल्म और सीरीज के एक्टिंग, कंटेंट क्रिएशन और टेक्निकल स्किल्स में मौजूद बेहतरीन टैलेंट का जश्न मनाना और सम्मानित करना है। यह अवार्ड ऑनलाइन वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर 1 जनवरी, 2023 से 31 दिसंबर, 2023 के बीच प्रीमियर होने होने वाली फिल्मों और सीरीज को दिया जाएगा।



मुंबई में होस्ट किए गए कांफ्रेंस में शिवकुमार सुंदरम, मशहूर प्रोड्यूसर सिद्धार्थ रॉय कपूर जो एडवाइजरी काउंसिल मेंबर है और प्रोड्यूसर गिल्ड ऑफ़ इंडिया के एमिनेंट मेंबर्स मिस्टर शिबाशीष सरकार ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। इन मेंबर्स ने अपना उत्साह और समर्थन दिखाते हुए कहा कि नए टोइफा का लॉन्च, इंडियन एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के गतिशील विकास का जश्न मनाने में एक अहम भूमिका निभाएगा।

# वाहन स्वामियों पर बढ़ने जा रहा फास्टैग सर्विस शुल्क का बोझ

- फास्टैग सेवा प्रदाता कंपनियों ने कई तरह के शुल्कों को बढ़ाने का लिया फैसला
- एक बार में देने होंगे 25 रुपये, टैग मैनेजमेंट और निगेटिव बैलेंस पर भी लगेगा शुल्क

**एजेंसी । नई दिल्ली**

वाहन स्वामियों की जेब पर फास्टैग सेवा से जुड़ा बोझ बढ़ने जा रहा है। फास्टैग उपलब्ध कराने वाली बैंकिंग कंपनियों ने एक जुलाई से कई तरह के नए शुल्क लगाने का फैसला लिया है। इसको लेकर उपभोक्ताओं को एसएमएस और मेल भेजा जा रहे हैं। कंपनियों ने नियमों में कई तरह के बदलाव किए हैं। अब उपभोक्ताओं को तीन महीने में टैग मैनेजमेंट, निगेटिव बैलेंस, भुगतान विवरण निकालने जैसे शुल्क अदा करने होंगे। यह नियम देश भर में उन करोड़ों लोगों का खर्च बढ़ाएगा, जिनके वाहनों पर फास्टैग लगा है।

### एनपीसीआई द्वारा जारी नए दिशा- निर्देश

- कंपनियों को पांच वर्ष पुराने फास्टैग को प्राथमिकता के आधार पर बदलना होगा।
- फास्टैग पुन :केवाईसी की प्रक्रिया को हर तीन वर्ष पर किया जाएगा।
- फास्टैग को वाहन के यूनिक वीआरएन, चेसिस नंबर से अनिवार्य रूप से जोड़ना होगा ।
- वाहन का नंबर उपलब्ध न होने पर गाड़ी की चेसिस नंबर अनिवार्य तौर पर अपलोड करना होगा।
- नए वाहन को लेने के बाद 90 दिन के अंदर व्हीकल नंबर अपडेट करना होगा। 90 दिन के बाद फास्टैग हॉटलिस्ट में डाला जाएगा। उसके बाद 30 दिन के अंदर अपडेट नहीं किया जाता है तो फास्टैग को बंद कर दिया जाएगा।
- फास्टैग वाहन डाटाबेस पोर्टल से सत्यापित किया जाए।
- केवाईसी करते वक्त वाहन की सामने की और साइड की साफ फोटो अपलोड करनी होगी।
- टैग मोबाइल नंबर से लिंक होना अनिवार्य होगा।
- कंपनियों को केवाईसी सत्यापन प्रक्रिया के लिए ऐप, व्हाट्सऐप व पोर्टल जैसी सेवा उपलब्ध कराना होगी।
- कंपनियों के लिए 31 अक्टूबर 2024 तक केवाईसी से जुड़ी सारी शर्तों एवं नियमों का पालना करना अनिवार्य।



# चोकर्स का टैग हटाने टीम इंडिया के खिलाफ उतरेगी दक्षिण अफ्रीका, क्या खत्म होगा भारत का खिताबी सूखा?

## आज होगा फाइनल का महामुकाबला

# साउथ अफ्रीका के सामने दमदार भारत की चुनौती

**एजेंसी । ब्रिजटाउन (बारबाडोस)**

रोहित शर्मा की अगुवाई में भारतीय टीम शनिवार को जब टी20 विश्व कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसके सामने पिछले 10 साल से अधिक के वैश्विक खिताबी सूखे को खत्म करने की चुनौती होगी। अपने फाइनल तक के अभियान में दोनों टीमें अजेय रही हैं लेकिन बड़े टूर्नामेंटों के कई फाइनल मैचों को खेलने के अनुभव के कारण भारत का पलड़ा भारी होगा।

### आमने-सामने

| | |
|---|---|
| कुल मैच : | 26 |
| भारत जीता : | 14 |
| दक्षिण अफ्रीका जीता : | 11 |
| बेनतीजा : | 1 |

दक्षिण अफ्रीका 1998 के बाद पहली बार आईसीसी के किसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा है।



### पहली बार फाइनल में पहुंचा है द. अफ्रीका

पहली बार फाइनल में पहुंचा है द. अफ्रीका टूर्नामेंट में भारत का अभियान पिछले साल घरेलू वनडे विश्व कप के समान ही रहा है, जहां वे फाइनल में पहुंचे थे लेकिन खिताबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने उनसे बेहतर प्रदर्शन किया था। भारत यहां भी अब तक सर्वश्रेष्ठ टीम रहा है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि इस बार उनके सामने ऑस्ट्रेलिया की चुनौती नहीं है। दक्षिण अफ्रीका की आईसीसी स्पर्धाओं में एकमात्र जीत 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी (उस समय इसका नाम आईसीसी नॉक-आउट ट्रॉफी था) में हुई थी। टीम 'चोकर्स' के अपने तमगे को पीछे छोड़कर फाइनल में पहुंची है और वे खिताबी मुकाबले में भी इस तमगे को धत्ता बताने की कोशिश करेंगे।

### टीम इंडिया है खिताबी जीत की प्रबल दावेदार

आईपीएल खिताब को अपनी अब तक सबसे बड़ी उपलब्धि बताने वाले उनके कुछ खिलाड़ियों के लिए विश्व कप ट्रॉफी सबसे बड़ा पुरस्कार होगा। गयाना में सेमीफाइनल में भारत की इंग्लैंड पर जीत के बाद बाद प्रशंसकों और विशेषज्ञों की भावनाओं को देखा जाए तो रोहित शर्मा की टीम खिताब की प्रबल दावेदार होगी।

### रोहित बतौर बल्लेबाज मचा रहे हैं धमाल

कोहली के उलट रोहित ने टूर्नामेंट में बेखौफ और धाराप्रवाह बल्लेबाजी की है। टीम को उनसे फाइनल में एक और आतिशी शुरुआत की उम्मीद होगी।

### टीमें

- **भारतीय क्रिकेट टीम :** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज।
- **दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम :** एडेन मार्करम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएट्जे, क्विंटन डिकॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसेन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नॉर्खिया, कागिसो रबादा, रेयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी और ट्रिस्टन स्टब्स।

### जीत के साथ विदाई चाहते हैं द्रविड़

भारत की खिताबी जीत कोच राहुल द्रविड़ के लिए भी एक आदर्श विदाई होगी, जिन्होंने 2007 के कैरेबियाई देशों में खेले गये वनडे विश्व कप में टीम की अगुवाई की थी। इस विश्व कप में भारत शुरुआती चरण से बाहर हो गया था। एक कोच के रूप में टीम उन्हें यादगार विदाई देने की कोशिश करेगी।

### 10 साल बाद टी20 विश्व कप फाइनल में भारत

भारत 10 साल में पहली बार आईसीसी टी20 विश्व कप के फाइनल में पहुंचा है और इसका श्रेय वेस्टइंडीज की परिस्थितियों में टीम के शानदार सामंजस्य बिठाने के साथ प्रबंधन की स्पष्ट सोच को भी जाता है। उन्होंने कैरेबियन में स्पिन के अनुकूल पिचों पर अपने तुरुप के इक्के कुलदीप यादव को टीम में लाने से पहले न्यूयॉर्क में तेज गेंदबाजों की मददगार पिचों पर तीन विशेषज्ञ पेसरों का उपयोग किया। भारत निश्चित रूप से पिछले मैच के अंतिम एकादश पर कायम रहेगा, लेकिन टीम को कम से कम दो खिलाड़ियों से दमदार प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

### 17 वर्षों में पहली बार होगा ऐसा

अब फाइनल में अजेय टीमों की भिड़ंत होगी। इससे पहले 17 वर्षों में किसी टी20 विश्व कप में कभी ऐसा नहीं हुआ था। वहीं, पिछली बार किसी आईसीसी टूर्नामेंट में अजेय रहते हुए चैंपियन बनने वाली टीम भी भारत ही है। 2013 के चैंपियंस ट्रॉफी में टीम इंडिया अजेय रही थी और उसने पूरे संस्करण में कोई मैच नहीं गंवाया था। तब भारत ने फाइनल में इंग्लैंड को ही शिकस्त दी थी।

अब भारत के पास 11 साल बाद इतिहास दोहराने का मौका है। इतना ही नहीं अगर टीम इंडिया फाइनल जीतती है तो किसी एक संस्करण में सबसे ज्यादा मैच जीतने का रिकॉर्ड भी अपने नाम करेगी। इस मामले में दक्षिण अफ्रीका अभी शीर्ष पर है। उसने इसी संस्करण में आठ मैच जीते हैं, जबकि भारत सात जीत के साथ दूसरे नंबर पर है। फाइनल जीतते ही भारत दक्षिण अफ्रीका की बराबरी कर लेगा। इसके अलावा भारत टी20 अंतरराष्ट्रीय में लगातार मैच जीतने के अपने पुराने रिकॉर्ड की भी बराबरी कर लेगा। टीम इंडिया ने दिसंबर 2023 से लेकर अब तक लगातार 11 मैच जीते हैं। इससे पहले नवंबर 2021 से लेकर फरवरी 2022 तक भारतीय टीम ने लगातार 12 मैच जीते थे। फाइनल जीतने पर टीम इंडिया इसकी बराबरी कर लेगी।

# शेफाली का सबसे तेज दोहरा शतक, भारत का रिकॉर्ड स्कोर

### भारतीय टीम की रिकॉर्डतोड़ पारी

- 194 गेंदों पर सबसे तेज दोहरा शतक पूरा करके 20 साल की शेफाली ने सदरलैंड (ऑस्ट्रेलिया, 248 गेंद, बनाम दक्षिण अफ्रीका) को पीछे छोड़ा।
- 525/4 रन भारतीय टीम का महिला क्रिकेट में सर्वोच्च स्कोर है। यह टेस्ट इतिहास का कुल तीसरा सबसे बड़ा स्कोर है। दो अन्य स्कोर ऑस्ट्रेलिया के नाम (575/9, बनाम दक्षिण अफ्रीका-फरवरी 2024 और 569/6, बनाम इंग्लैंड-1998) दर्ज हैं।
- महिला टेस्ट में यह एक दिन का सर्वोच्च स्कोर है। इंग्लैंड ने 1935 में क्राइस्टचर्च में न्यूजीलैंड के खिलाफ दो विकेट पर 431 रन बनाए थे
- 205 रन बनाकर शेफाली भारत के लिए दोहरा शतक लगाने वाली, मिताली राज (214 बनाम इंग्लैंड, 2002) दूसरी महिला क्रिकेटर बन गई हैं।
- 292 रन की साझेदारी शेफाली-मंधाना ने पहले विकेट के लिए 312 गेंद में की जो रिकॉर्ड है।
- 10 वां दोहरा शतक है यह टेस्ट क्रिकेट के इतिहास का। सर्वाधिक 242 रन पाकिस्तान की किरण बलूच (बनाम वेस्टइंडीज, 2004) के नाम हैं।



**एजेंसी । चेन्नई**

सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (197 गेंद, 205) के रिकॉर्ड दोहरे शतक और स्मृति मंधाना (161 गेंद, 149) के साथ पहले विकेट के लिए 292 रन की साझेदारी के दम पर भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच के पहले दिन शुक्रवार को यहां चार विकेट पर 525 रन बनाए।

**शेफाली का सर्वोच्च स्कोर**

पांचवां टेस्ट खेल रहीं शेफाली ने 23 चौके और आठ छक्के जड़े। इससे पहले टेस्ट में उनका सर्वोच्च स्कोर 96 रन था। दाएं हाथ की बल्लेबाज शेफाली ने डेलमी टकर के खिलाफ लगातार दो छक्के लगाने के बाद एक रन चुराकर दोहरा शतक पूरा किया। मंधाना ने 27 चौके और एक छक्का लगाया। जेमिमा रोड्रिग्स ने 55 रन बनाए।

# डीपी मनु पर डोपिंग में फंसने का खतरा

**पंचकुला।** ओलंपिक टिकट पक्का करने के करीब पहुंच चुका भाला फेंक खिलाड़ी डीपी मनु पर डोपिंग का संदेह है। उन्हें राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के निर्देश पर भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने प्रतियोगिताओं से दूर रहने के लिए कहा है।

**कोटा से मिलता टिकट**

एशियाई चैंपियनशिप 2023 में रजत विजेता 24 वर्षीय इस खिलाड़ी का विश्व रैंकिंग कोटा के माध्यम से ओलंपिक क्वालीफिकेशन लगभग निश्चित था। पर इस मामले के सामने आने के बाद उनका पेरिस की दौड़ से बाहर होना लगभग तय है। वह यहां गुरुवार से शुरू हुई राष्ट्रीय अंतर-राज्य चैंपियनशिप के लिए शुरुआती प्रवेश सूची में थे लेकिन बाद में जारी सूची से उनका नाम हटा दिया गया। एएफआई अध्यक्ष आदिले सुमरिवाला ने कहा, हम अभी नहीं जानते कि वास्तविक कारण क्या है।

## 'रौतू का राज' रिव्यू

# 'रौतू का राज' में चमके नवाजुद्दीन सिद्दीकी

**दोपहर स्टार- 3/5**

नवाजुद्दीन सिद्दीकी का नाम बॉलीवुड के उन अभिनेताओं में शुमार हैं, जो अपने हर किरदार में जान फूंक देते हैं। उनकी पिछली फिल्में भले ही नहीं चलीं, लेकिन उनमें नवाज के काम की जरूर तारीफ हुई। पिछले कुछ समय से अभिनेता फिल्म 'रौतू का राज' को लेकर सुर्खियों में हैं। आज यानी 28 जून को उनकी यह फिल्म ZEE5 पर रिलीज हो गई है। फिल्म की कहानी पर खूब चर्चा हो रही थी।

### हत्या के इर्द-गिर्द बुनी गई है कहानी



उत्तराखंड के एक छोटे से हिल स्टेशन रौतू में स्थित एक स्कूल में वॉर्डन की हत्या हो जाती है। हत्या की गुत्थी सुलझाने की जिम्मेदारी मिलती है इंस्पेक्टर दीपक नेगी (नवाजुद्दीन) को। जंगल में आग की तरह यह खबर फैली हुई है और स्कूलवालों का कहना है कि वॉर्डन नींद में चल बसी। इसी बीच कुछ राज सामने आते हैं। हत्या किसने की, क्यों की और इंस्पेक्टर कैसे 'रौतू का राज' खोलते हैं, यही सब फिल्म में दिखाया गया है।

### अखर सकती है फिल्म की रफ्तार और पटकथा

पहाड़ी इलाका होने के कारण लोगों की जिंदगी में किसी तरह की आपाधापी नहीं है। अपराध भी कम होते हैं और पुलिसवालों के पास काम भी कम ही होता है। लिहाजा यह एक ऐसी थ्रिलर है, जिसमें हत्या की गुत्थी बड़े धीमे अंदाज में सुलझती है। फिल्म की रफ्तार बेशक आपको अखर सकती है, लेकिन कहानी मजेदार अंदाज में आगे बढ़ती है। पटकथा को और चुटकीले अंदाज में पर्दे पर उतारा गया होता तो फिल्म देखने में और मजा आता।

### नवाजुद्दीन को मिले 10 में से 10 नंबर

एक स्मार्ट पुलिसवाले की भूमिका में नवाजुद्दीन का काम सराहनीय है। फिल्म उन्हीं के मजबूत कंधों पर टिकी है और उन्होंने यह जिम्मेदारी पूरे दिल से निभाई है। नवाजुद्दीन अपने दम पर फिल्म ढो सकते हैं, एक बार फिर उन्होंने यह साबित कर दिया है। उधर सब-इंस्पेक्टर बने अतुल तिवारी भी अभिनय के मामले में नवाजुद्दीन के कदम से कदम मिलाकर चलते हैं।

### निर्देशक से कहां हुई चूक?

आनंद सुरापुर फिल्म के निर्देशक हैं। उनका काम अव्वल न हो, पर इसे खराब भी नहीं कहा जा सकता। कुछ दृश्यों में रिसर्च की कमी जरूर खलती है, लेकिन गांव के सीधे-सादे लोगों के बीच उन्होंने एक ऐसी कहानी और किरदार दर्शकों के बीच पेश किए हैं, जो आपको फिल्म से बांधे रखते हैं। लगता है जैसे निर्देशक पहाड़ों के सुकून और पहाड़ियों की सादगी से भली-भांति परिचित हैं। हालांकि, हंसी-ठिठोली के मोर्चे पर यह फिल्म कमजोर दिखाई पड़ती है।

### सिनेमैटोग्राफी और संगीत

फिल्म में पहाड़ों की खूबसूरत वादियां और गांव का सुरम्य वातावरण देखने को मिलता है। सिनेमैटाग्राफी खूब लुभाती है, लेकिन इसमें ऐसा कोई गीत नहीं, जिसे सुनकर गुनगुनाने का मन करे। मर्डर मिस्ट्री और सस्पेंस वाली फिल्मों जैसा प्रभावशाली बैकग्राउंड म्यूजिक भी इससे नदारद है।

### देखें या ना देखें?, क्यों देखें?

आप एक साफ-सुथरी, हल्की-फुल्की बिना किसी ताम-झाम वाली फिल्म देखना चाहते हैं और आपको फालतू की हीरोगिरी, डायलॉगबाजी या ढिंचैक म्यूजिक पसंद नहीं है तो लगभग 2 घंटे की 'रौतू का राज' आपकी कसौटी पर बेशक खरी उतरेगी, वहीं नवाजुद्दीन के लिए तो इसे एक मौका मिलना ही चाहिए।

### क्यों न देखें?

अगर सस्पेंस थ्रिलर सोचकर आप ऐसे क्लाइमैक्स की उम्मीद कर रहे हैं, जो हिला डाले तो आपको यह फिल्म निराश कर सकती है।

# यश को पसंद आई प्रभास की फिल्म 'कल्कि 2898 AD'

प्रभास, दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन और कमल हासन अभिनीत फिल्म 'कल्कि 2898 AD' 27 जून को रिलीज हो चुकी है। फिल्म को समीक्षकों और दर्शकों की तरफ से हरी झंडी मिल गई है।



पहले दिन पर फिल्म ने शानदार कमाई की है। इस फिल्म को सिर्फ देश ही नहीं, बल्कि दुनियाभर में प्यार मिल रहा है। अब यश ने 'कल्कि 2898 AD' की जमकर तारीफ की है। अभिनेता ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर फिल्म का पोस्टर साझा किया है।

### यश ने लिखा नोट

यश ने लिखा, 'फिल्म 'कल्कि 2898 AD' की टीम को एक शानदार फिल्म बनाने के लिए बधाई। फिल्म की कहानी बताने का तरीका बहुत शानदार है। नाग अश्विन आपकी दूरदर्शिता और साहस कई लोगों को बड़ा कदम उठाने के लिए प्रेरित करेगा। प्रभास, अमिताभ बच्चन सर, कमल हासन सर और दीपिका पादुकोण और कुछ शानदार कैमियो को एक साथ देखना एक अविश्वसनीय अनुभव है।' 'कल्कि 2898 AD' ने भारत में पहले दिन 95 करोड़ रुपये का कारोबार किया है।



# हिना खान स्तन कैंसर से पीड़ित



टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' से चर्चा में आईं टीवी अभिनेत्री हिना खान स्तन कैंसर से पीड़ित हैं। हिना (36) ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में लिखा, 'नमस्कार। मैं हिना के प्रशंसकों तथा मुझसे प्यार एवं मेरी परवाह करने वालों को कुछ महत्वपूर्ण सूचना देना चाहती हूं। मुझे तीसरे चरण का स्तन कैंसर हो गया है।' इस बड़ी बीमारी के बावजूद अभिनेत्री ने अपने प्रशंसकों को आश्वस्त किया कि वह ठीक हैं। हिना ने लिखा, 'मैं मजबूत हूं और इस बीमारी से बाहर आने की ठान चुकी हूं। मेरा इलाज शुरू हो चुका है और मैं इस स्थिति से मजबूती के साथ बाहर आने के लिए हर जरूरी चीज करने को तैयार हूं।'



# 'बैड न्यूज' का ट्रेलर रिलीज

आने वाले दिनों में पर्दे पर कई नई जोड़ियां देखने को मिलेंगी। उन्हीं में से एक है विक्की कौशल और तृप्ति डिमरी की जोड़ी, जो जल्द ही फिल्म बैड न्यूज में नजर आएगी। बीते दिन फिल्म का नया पोस्टर सामने आया था, जो बेहद दिलचस्प था। कुछ ही दिन पहले यह ऐलान हुआ था कि 28 जून को फिल्म का ट्रेलर रिलीज होगा। अब आखिरकार यह इंतजार खत्म हो गया है।

विक्की 'अखिल चड्ढा', तृप्ति 'सलोनी' और एमी 'गुरबीर पाजी' का किरदार निभाते नजर आ रहे हैं। तृप्ति ने जहां फिल्म में ग्लैमर का तड़का लगाया है, वहीं विक्की और एमी के साथ उनका रोमांस भी देखने को मिल रहा है। नेहा धूपिया भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। इस फिल्म की कहानी भी 'गुड न्यूज' की तरह एक बच्चे के इर्द-गिर्द रची गई है। ट्रेलर देख लगता है कि दर्शकों को जल्द ही कॉमेडी का जबरदस्त डोज मिलने वाला है।

### 19 जुलाई को रिलीज होने वाली है फिल्म

इस कॉमेडी फिल्म का नाम पहले 'मेरे महबूब मेरे सनम' रखा गया था। बाद में निर्माताओं ने इसका नाम बदलकर 'बैड न्यूज' कर दिया। इशिता मोइत्रा और तरुण डुडेजा ने मिलकर इस फिल्म को लिखा है, वहीं निर्देशक आनंद तिवारी और निर्माता करण जौहर हैं। फिल्म को वास्तविक घटना से प्रेरित बताया जा रहा है। कहा जा रहा है कि बॉलीवुड में अभी तक ऐसी कोई फिल्म नहीं बनी हैं।

# इंजीनियर बनते बनते रंगमंच को बनाई अपनी दुनिया, थिएटर से निकल दुर्गेश बने 'पंचायत' के बनराकस

# जो भी करें तैयारी से करें : दुर्गेश कुमार



कार्टून साभारः मनोज सिन्हा

मैं दरभंगा जिले का रहने वाला हूं। मैं एकदम आम लड़का रहा हूं। मैंने कभी सोचा नहीं था कि मैं कलाकार बनूंगा। मेरी 12वीं तक की पढ़ाई दरभंगा में हुई, इसके बाद मैंने इंजीनियरिंग की तैयारी की, पर वहां हुआ नहीं, तो मैं दिल्ली आ गया। मेरे बड़े भाई डॉक्टर शिवशक्ति बहुत पढ़े-लिखे व जहीन इंसान हैं, उन्होंने मुझे कहा कि मैं एक्टिंग में आऊं। मुझे एक्टिंग के बारे में कुछ भी नहीं पता था। मैं तो बीएड करके टीचर बनना चाहता था। भाई के कहने पर मैंने 2001 में थिएथर करना शुरू किया। इसके बाद श्रीराम सेंटर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट से दो साल का डिप्लोमा किया। इसके बाद ग्रेजुएशन पूरी करने के बाद एनएसडी (नेशनल स्कूल ऑफ ड्रॉमा) से एक्टिंग की। इसके बाद यहीं पर मुझे एक साल की फेलोसिप मिल गई, इसके बाद मुझे यहीं पर रेपेट्री मिल गई। (रेपेट्री नेशनल स्कूल ऑफ ड्रॉमा का एक एक्टरर्स विंग होता है जहां सरकार कलाकारों को वेतन देती है। हमारे समय में यह 6 वर्ष तक मिलता था, उस समय 24 हजार 400 रूपए मिलता था) मैंने एक साल किया इसी समय मुझे हाइवे मिली। और मैंने रेपेट्री छोड़ दिया और सिनेमा की दुनिया में कदम रखा।



दो बजे दोपहर के कार्यालय में संपादक अरुण लाल के साथ पंचायत के मुख्य विलेन दुर्गेश कुमार

### तैयार होकर आना चाहिए नए कलाकारों को

मैं अक्सर कहता हूं कि लोगों को सिनेमा में आना चाहिए। कई बार इंटरव्यू में मेरी कही बात को लोग गलत तरीके से पेश करते हैं। मैं समझता हूं कि मुंबई में कलाकार बनने की चाह में लाखों लोग आते हैं, पर उनकी तैयारी नहीं होती तो उन्हें यहां बहुत सी दिक्कतें होतीं हैं। यहां मेंटली टॉर्चर झेलना होता है। इसीलिए मैं हमेशा कहता हूं कि आप जो भी करना चाहते हैं उसके लिए जोरदार तैयारी करनी चाहिए। यह बात उन कलाकारों पर लागू नहीं होती जो वर्षों सिनेमा या टीवी की दुनिया में हैं।

### वेटिंग समय सबसे खराब

कला की दुनिया इतनी विविध और बड़ी है कि यहां लाखों की भारी भीड़ है। हर कोई आंखों में सपने लिए यहां आ जाता है। बहुत सारे लोग टैलेंटेड भी हैं। पर आप जब अपने हिस्से का काम कर चुके होते हैं, तो भी आपको इंतजार करना पड़ता है। यह इंतजार अक्सर बहुत से लोगों को तोड़ देता है। जो लोग इस इंतजार को काट लेते हैं, उन्हें सफलता मिलती है।



### प्रेम सात्विक होना चाहिए

मुझे भी एक बार प्रेम हुआ था, पर वह एकतरफा था, वह मेरे रेंज से बाहर थी। मैंने उसे बेइंतहा प्रेम किया। इस प्रेम ने मुझे झंझोड कर रख दिया। मुझे बड़ा समय लगा इससे बाहर आने में। इसके बाद से मैंने अपना पूरा ध्यान में काम पर लगाया। मैं विवाह में विश्वास रखता हूं, पर मैं प्रेम को सत्विक मानता हूं। मुझे सीधी-साधी पत्नी चाहिए जो घर परिवार देखे।



### नेपोटिज्म निरर्थक विवाद है

मैं समझता हूं कि नेपोटिज्म की बातें निरर्थक विवाद है। यह वही लोग करते हैं, जिन्हें कम समय, कम मेहनत में ज्यादा सफलता चाहिए होती है। अगर नेपोटिज्म जैसी कोई चीज होती तो मुझ जैसा गांव का आदमी आज लोकप्रियता नहीं पाता। मैं तो एकदम नया हूं यहां मुझसे पहले बहुत से आम परिवारों के लोगों ने बड़ी जगह बनाई है। मैं कहता हूं कि मेहनत करो, लगातार मेहनत करो, समय लगेगा पर सफलता मिलेगी।

### आप यह पुराना कपड़ा पहनकर अखबार के दफ्तर आ गए

देखिए मैं ऐसा ही हूं। मेरे पिता ने मुझे सादगी की शिक्षा दी है। यदि कोई मुझे मेरे कपड़े से जज करता है तो वह करे। मुझे अपने कपड़े से नहीं काम से मजबूत होना है। यही मेरी पहचान है। मेरे पास एक्टिंग पर 10 हजार की किताबें रखी हैं। दिन भर पढ़ना और काम करना यही मेरा काम है।

### समाज में लालच बहुत है

हम पहले से बेहतर समाज में रह रहे हैं। यहां बहुत कुछ बेहतर है। सभी को मौका मिल रहा है। पर समाज में बहुत सी दिक्कत आ गई है। लोग बहुत लालची हो गए हैं। पैसा, शक्ति, सम्मान इसके लिए लोग आत्मा तक को बेचने को तैयार हैं। लोग इतने लालची हैं कि शादी-शुदा होने के बावजूद दूसरे की पत्नी या पति को पाना चाहते हैं। यह लालच किसी भी समाज के लिए बेहतर नहीं है। यह समाज को बर्बादी की तरफ ले जाएगा।

### मिडिल क्लास की कहानियों का दौर

सिनेमा में बहुत से दौर आते हैं, आज मिडिल क्लास की कहानी का दौर है। पंचायत उसकी का नतीजा है कि लोग इसे इतना सराह रहे हैं। सुपर 30, दम लगाकर हईशा, जैसी बहुत सारी फिल्मों ने जबरदस्त लोकप्रियता पाई। दो बीघा जमीन बहुत हिट हो गई। इन कहानियों में गांव के कलाकारों को मौका मिल रहा है। इसके पहले आप देख लीजिए मिडिल क्लास की कहानियां खूब चल रही हैं।

प्रस्तुति : लोकेश चंद्रा

## दिल्ली एयरपोर्ट पर टर्मिनल-1 की छत गिरी

### एक की मौत, 8 घायल, कई कारें दबीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली-NCR में बारिश की वजह से शुक्रवार सुबह 5 बजे इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट (IGI) के टर्मिनल-1 पर पार्किंग की छत गिर गई। हादसे में कार में बैठे एक कैब ड्राइवर की मौत हो गई, 8 घायल हैं। घायलों का इलाज मेदांता अस्पताल में चल रहा है। दिल्ली फायर सर्विस, पुलिस, CISF और NDRF की टीमें मौके पर राहत-बचाव में जुटी हैं। दिल्ली फायर सर्विस (DFS) के अधिकारियों ने बताया- टर्मिनल-1 पर डोमेस्टिक फ्लाइट के लिए पार्किंग एरिया में सुबह गाड़ियों की लंबी लाइन लगी थी। इसी दौरान पार्किंग की छत गिर गई। छत का भारी-भरकम हिस्सा



और लोहे के तीन सपोर्ट बीम भी गाड़ियों पर गिर गए।

इस दौरान यहां खड़ी कारें बीम में दब गईं। IGI एयरपोर्ट की DCP उषा रंगनानी ने बताया कि डिपार्चर गेट नंबर 1 से से गेट नंबर 2 तक फैले टर्मिनल-1 के बाहर का शेड ढह गया, जिसमें करीब 4 गाड़ियां दब गईं।

## असम में 19 करोड़ रुपए मूल्य की हेरोइन जब्त, छह गिरफ्तार

एजेंसी । गुवाहाटी

असम में तीन अलग-अलग अभियानों में 19 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की हेरोइन (मादक पदार्थ) जब्त की गई है। इस संबंध में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पुलिस ने एक विशेष सूचना के आधार पर कछार जिले के दिघारखाल टोल गेट पर एक विशेष अभियान चलाया और एक किलो 881 ग्राम हेरोइन जब्त की। पुलिस ने इस सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार भी किया है। जब्त हेरोइन की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 9.5 करोड़ रुपये आंकी गई है। इसी जिले में एक अन्य घटना में पुलिस ने 561 ग्राम हेरोइन जब्त की, जिसकी कीमत तीन करोड़ रुपये है। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने कार्बी आंगलोंग जिले के बारापत्थर में एक वाहन को रोककर उसकी तलाशी ली तो उसमें से सात करोड़ रुपये मूल्य की एक किलो पांच ग्राम हेरोइन बरामद की गई। इस मामले में भी एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया।



## विक्रम मिस्त्री को विदेश सचिव किया नियुक्त

**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) विक्रम मिस्त्री को शुक्रवार को अगला विदेश सचिव नियुक्त किया गया। एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गई। इसमें कहा गया कि 1989 बैच के भारतीय विदेश सेवा (आईएसएफ) के अधिकारी मिस्त्री 15 जुलाई को कार्यभार संभालेंगे। वह विनय मोहन क्वात्रा की जगह लेंगे जिनका कार्यकाल इस साल मार्च में छह महीने बढ़ाया गया था। कार्मिक मंत्रालय के एक आदेश के अनुसार मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय में उप एनएसए मिस्त्री की 15 जुलाई के प्रभाव से विदेश सचिव के पद पर नियुक्ति को स्वीकृति दे दी है।

## नए कानूनों के विरोध में काला दिवस मनाने की घोषणा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधिज्ञ परिषद ने शुक्रवार को मौजूदा भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), आपराधिक दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और साक्ष्य अधिनियम की जगह लेने वाले तीन नए कानूनों को 'जनविरोधी और क्रूर करार दिया। परिषद ने घोषणा की कि वह इन कानूनों के विरोध में एक जुलाई को काला दिवस मनाएगी। तीन नये कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम एक जुलाई से लागू होंगे। पश्चिम बंगाल विधिज्ञ परिषद ने एक प्रस्ताव पारित किया है, जिसमें कहा गया है कि पश्चिम बंगाल और अंडमान-निकोबार द्वीप की अदालतों में वकालत करने वाले



वकील एक जुलाई को न्यायिक कार्य नहीं करेंगे। परिषद ने सभी बार एसोसिएशन से एक जुलाई को अपने-अपने क्षेत्रों में विरोध रैलियां निकालने का अनुरोध किया है। बता दें कि भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने पिछले साल अगस्त में संसद में भारतीय न्याय संहिता विधेयक, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक, 2023 और भारतीय साक्ष्य विधेयक, 2023 पेश किए थे, जो मौजूदा कानूनों की जगह लेंगे।

## विस्तारा की तिरुवनंतपुरम-मुंबई फ्लाइट में बम की धमकी

तिरुवनंतपुरम। विस्तारा की तिरुवनंतपुरम-मुंबई फ्लाइट फ्लाइट यूके 552 में शुक्रवार को बम होने की सूचना मिली। फ्लाइट दोपहर करीब 3.15 बजे मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंड हुई। इसके बाद सभी यात्रियों तत्काल प्लेन से सुरक्षित बाहर निकाला गया। बम स्क्वायड ने प्लेन में बम की तलाश की, लेकिन कुछ भी नहीं मिला। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने बताया कि क्रू मेंबर को प्लेन में बम होने की जानकारी मिली थी। मामले की जांच की जा रही है। सभी यात्री और क्रू स्टाफ सुरक्षित है।

# नीट के मुद्दे पर संसद के दोनों सदनों में विपक्ष का हंगामा

### कांग्रेस अध्यक्ष वेल में पहुंचे; सभापति धनखड़ बोले- यह संसदीय इतिहास पर काला धब्बा

एजेंसी । नई दिल्ली

नीट में कथित धांधली के मुद्दे पर शुक्रवार को संसद के दोनों सदनों में भारी हंगामा हुआ। दोनों सदनों में विपक्ष ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव से पहले नीट पर चर्चा की मांग की गई। इस पर सरकार ने यह कहते हुए इनकार कर दिया कि राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद पहले धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होती है। हंगामे की वजह से लोकसभा की कार्यवाही एक बार स्थगन के बाद सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। उधर, राज्यसभा में भी इस मुद्दे पर भारी हंगामा हुआ और सदन की कार्यवाही कई बार स्थगित करनी पड़ी। लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने नीट का मुद्दा उठाते हुए सदन में फौरन चर्चा की मांग की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान वह विस्तार से इस विषय को उठा सकते हैं।



### राहुल बोले, नीट पर विशेष चर्चा चाहते

सदन में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि हम हिन्दुस्तान के छात्रों को सरकार और विपक्ष की तरफ से संयुक्त संदेश देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हम छात्रों के मुद्दे को जरूरी मानते हैं इसलिए, छात्रों के प्रति सम्मान जताने के लिए नीट पर विशेष चर्चा चाहते हैं। हालांकि लोकसभा अध्यक्ष ने इसकी इजाजत नहीं दी। इसके बाद विपक्षी सांसद आसन के करीब आ गए और हंगामा बढ़ने पर सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। बाद में दोपहर 12 बजे भी यही स्थिति रही। सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर विपक्ष ने एक बार फिर नीट का मुद्दा उठाने की कोशिश की।

### धन्यवाद प्रस्ताव से पहले नहीं होती चर्चा

लोकसभा अध्यक्ष के इजाजत नहीं देने पर विपक्षी सदस्य एक बार फिर आसन के करीब आकर नारेबाजी करने लगे। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि इतिहास में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव से पहले किसी और विषय पर चर्चा नहीं होती है।

**राहुल का माइक बंद :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जिस वक्त नीट मुद्दे पर अपनी बात रख रहे थे, उस वक्त उनका माइक बंद गया। विपक्षी सांसदों के इस मुद्दे को उठाने पर लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि मैं माइक बंद नहीं करता हूं। कहा कि, वह पहले भी यह व्यवस्था दे चुके हैं कि उनके पास कोई बटन नहीं होता है। विपक्षी सांसदों ने इस मुद्दे पर अपना विरोध दर्ज कराया। कांग्रेस ने संसद में माइक बंद होने के मुद्दे पर सरकार पर भी निशाना साधा। पार्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि एक ओर सरकार नीट पर कुछ नहीं बोल रही, वहीं विपक्ष के नेता राहुल गांधी युवाओं की आवाज सदन में उठा रहे हैं लेकिन, ऐसे गंभीर मुद्दे पर माइक बंद करने जैसी हरकत कर युवाओं की आवाज दबाने की साजिश रची जा रही है।

## चेन्नई एयरपोर्ट पर जब्त की गई 21 करोड़ की कोकीन

**चेन्नई।** चेन्नई एयरपोर्ट पर 26 जून को 21 करोड़ रुपए कीमत की कोकिन जब्त की गई। कस्टम



अफसरों ने शुक्रवार (28 जून) को इसकी जानकारी शेयर की। अधिकारियों ने बताया कि पश्चिमी अफ्रीकी देश घाना से आई महिला से 2 किलो से ज्यादा कोकीन बरामद की गई थी। उसने बैग और जूतों में कोकीन को छिपाए रखा था। अधिकारियों ने बताया कि महिला को गिरफ्तार किया गया था और उससे पूछताछ जारी है।